चमू	स्त्री.	प्राचीन भारत में सेना का वह विभाग जिसमें 729 हाथी, 729 रथ, 2187 घुड़सवार और 3645 पैदल सैनिक होते थे।	चमू, अक्षौहिणी-विभागविशेष	चमू, अक्षौहिनी-विभागविशेष	division of an army consisting of 729 elephants, as many chariots, 2187 horses and 3645 foot.
चमेली	स्त्री.	1. एक प्रसिद्ध लता जिसमें पीलापन लिए सफ़ेद रंग के छोटे-छोटे सुगंधित फूल लगते हैं;	चामेलि, चामेली गाछ, जानिगाछ;	चामेलि, चामेली गाछ, जानिगाछ;	jasmine.
		2. उक्त लता का फूल।	चामेली फूल	चामेली फुल	its fragrant flower.
चयन	पुं.	चुनने का कार्य, चुनाव।	चयन, आहरण, संग्रह	चयन, आहरन, संग्रह	work of collecting or picking.
चयनिका	स्त्री.	चुनी हुई कविताओं, कहानियों आदि का संग्रह।	चयनिका, बाछाइ-करा कविता, गल्पादिर संग्रह-ग्रन्थ	चयनिका, बाछाइ-करा कविता, गल्पादिर संग्रह-ग्रंथ	anthology of poems, short stories etc.
चयनीय	वि.	जो चुने जाने के योग्य हो।	चयनीय, चयनयोग्य	चयनीय, चयनजोग्य	worthy of selection, worth selecting.
चर	पुं., वि.	1. दूत;	चर, दूत;	चर, दूत;	ambassador, emissary, envoy;
		2. जासूस;	गुप्तचर, गोयेन्दा;	गुप्तचर, गोयेन्दा;	spy, secret emissary or agent;
		3. जो इधर-उधर चलता फिरता हो।	जे एदिक् ओदिक् घुराफिरा करे	जे एदिक् ओदिक् घुराफिरा करे	moving, going, walking.
चरई	स्त्री.	पशुओं को चारा या पानी देने के लिए पत्थर आदि का बना हुआ हौज़।	जावना-पात्र	जावना-पात्र	manger, trough which is used for feeding cattle.
चरखा(चर्खा)	पुं.	हाथ से सूत कातने का काष्ठ निर्मित यंत्र।	चरका	चरका	spinning wheel.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चरखी(चर्खी)	स्त्री.	1. पहिए की तरह घूमनेवाली कोई वस्तु;	चरखी, चरखि, चाका घूर्णयिमान चक्र;	चरखी, चर्खि, चाका घूर्णायमान चक्र;	revolving wheel.
		2. छोटा चरखा;	छोट चरका; सूता जड़ाइबार	छोट चरका; सूता जड़ाइबार	small spinning wheel;
		3. सूत लपेटने की फिरकी;	यन्त्रविशेष;	जन्त्रबिशेष;	reel;
		4. कुएं से पानी आदि खींचने की गराड़ी।	कपि कल;	कपि, कल;	pulley.
चरण	पुं.	1. पूज्य व्यक्ति के पांव के लिए आदरसूचक शब्द;	चरण, पद, पाद, पा;	चरन, पद, पाद, पा;	foot;
		2. किसी चीज़ का चौथाई भाग;	सिकिभाग;	सिकिभाग;	quarter, quarter part of anything;
		3. किसी छंद, श्लोक आदि की पूरी पंक्ति अथवा चौथा भाग।	चरण, श्लोकेर चतुर्थांश, श्लोकपाद	चरन, श्लोकेर चतुर्थांश, श्लोकपाद	foot (of a verse), a dectyal.
चरण-चिह्न	पुं.	पैर का निशान।	चरणचिह्न, पदचिह्न	चरनचिह्न, पदचिह्न	foot mark, foot print.
चरण-सेवा	स्त्री.	किसी पूज्य व्यक्ति के पैर दबाकर की जानेवाली सेवा।	चरणसेवा, पदसेवा	चरनसेबा, पदसेबा	service, devotion, obsequious attendance.
चरणामृत	पुं.	1. दूध, दही, घी, चीनी और शहद का वह मिश्रण जिसमें किसी देवमूर्ति को स्नान कराया गया हो;	देवताके देय पाद्य;	देबताके देय पाद्य;	mixure of milk, curd, ghee and suagr which is offered to deity.
		2. वह पानी जिसमें किसी महात्मा या पूज्य व्यक्ति के चरण धोए गये हों।	पादोदक	पादोदक	ambrosia of the feet, the water with which the feet of a Brahman or an idol are washed.
चरना	स. क्रि.	पशुओं का खेतों आदि में उगी हुई घास, पौधे आदि खाना।	चरा	चरा	to graze.
चरनी	स्त्री.	1. पशुओं के चरने का स्थान;	गोचर;	गोचर;	grazing ground (for animals);

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. वह पात्र जिसमें पशुओं को चारा खिलाया जाता है।	জাবনাপাত্র	जावनापात्र	feeding trough, manger.
चरपरा	वि.	जिसमें खटाई, मिर्च आदि कुछ अधिक मात्रा में मिली हो।	একটু বেশী মাত্রায় টকঝাল-দেওয়া	एकटु वेशी मात्राय टकझाल-देओया	pungent., spicy:
चरपराहट	स्त्री.	1. स्वाद की तीक्ष्णता, चरपरी वस्तु के खाने पर मुंह में हल्की सी जलन होना; 2. घाव आदि की जलन।	তীব্র স্বাদ, ঝাল জিনিস খাওয়ার পর মুখ জ্বালা করা; ঘা ইত্যাদির চিড়বিড়	तीव्र स्वाद, झाल जिनिस खाओयार पर मुख ज्वाला करा; घा इत्यादिर चिड़बिड़	acidity, pungency, to have a pungent or burning taste in mouth; smarting, tingling, burning.
चरबी(र्बी)	स्त्री.	प्राणियों के शरीर में रहनेवाला सफ़ेद या हल्के पीले रंग का गाढ़ा, चिकना तथा लसीला पदार्थ।	চর্বি, মেদ	चर्बि, मेद	fat, grease, tallow, suet.
चरम	वि.	1. अंतिम; 2. सबसे बढ़ा हुआ।	চরম, অন্তিম; চূড়ান্ত	चरम, अन्तिम; चूड़ान्त	final, last, ultimate; outermost, extreme.
चरमपंथ	पुं.	वह विचार-धारा जो यह प्रतिपादित करती है कि समाज को अस्वस्थ करनेवाले तत्वों को सारी शक्ति से और शीघ्रतापूर्वक दूर या नष्ट कर देना चाहिए	চরম পন্থা	चरम पन्था	extremism.
चरमपंथी	वि.	वह जो इस बात का पक्षपाती हो कि सामाजिक दोषों को बलपूर्वक और शीघ्रता से दूर या नष्ट कर देना चाहिए।	চরমপন্থী	चरमपन्थी	extremist.
चरमराना	अ. क्रि.	चरमर शब्द होना।	চচ্চড় শব্দ হওয়া	चच्चड़ शब्द हओया	to creak.
चरवाई (चरवाही, चराई)	स्त्री.	पशु चरवाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	বাগালি, রাখালি	बागालि, राखालि	price paid for grazing or pasturage.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चरवाहा	पुं.	वह व्यक्ति जो दूसरों के पशुओं को चराकर अपनी जीविका चलाता है।	राखाल, बागाल	राखाल, बागाल	shepherd.
चरस	स्त्री.	1. गांजे के पेड़ से निकला हुआ गोंद जो गांजे की ही तरह पिया जाता है; 2. भैंस या बैल आदि के चमड़े का बना हुआ वह थैला जिसकी सहायता से खेत सींचने के लिए कुंए से पानी निकालते हैं।	चरस, गाँजार आठार मादक-द्रव्य विशेष; मशक, भिस्ति	चरस, गांजार आठार मादक-द्रव्य बिशेष; मशक, भिस्ति	intoxicating drug prepared from the flowers of hemp; large leather bucket for drawing water from wells.
चराई	स्त्री.	1. चरने की क्रिया या भाव; 2. चराने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	चराई, चरा; बागालि, राखालि	चराइ, चरा; बागालि, राखालि	grazing, pasturage; the work of or wages paid for grazing cattle.
चरागाह	पुं.	पशुओं के चरने का स्थान जहां प्रायः घास आदि उगी रहती है।	गोचर	गोचर	grazing-ground, pasture, meadow.
चराचर	वि.	जड़ और चेतन।	चरारचर, स्थावर ओ जंगम	चराचर, स्थावर ओ जंगम	movable and immovable, animate and inanimate.
चराना	स. क्रि.	1. पशुओं को चारा खिलाने के लिए खेतों या मैदानों में ले जाना, 2. मूर्ख बनाना।	चरानो; बोका बानानो	चरानो; बोका बानानो	to graze, to tend grazing cattle, to pasture; to make a fool of
चरितार्थ	वि.	जो ठीक-ठीक घट चुका हो।	चरितार्थ, कृतार्थ, सार्थक	चरितार्थ, कृतार्थ, सार्थक	appropriate, fit.
चरित्र	पुं.	1. आचरण; 2. जीवन में किए गए कार्यों का विवरण, जीवन-चरित्;	चरित्र, आचरण; जीवितकार्य, जीवनचरित;	चरित्र, आचरन; जीबितकार्ज, जीबनचरित;	behaviour, character, habit, conduct, practice performance; exploits, adventures, story, history or account

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
					of any one's deeds or exploits;
		3. कहानी नाटक आदि का कोई पात्र;	गल्पनाटकादिर पात्र;	गल्पनाटकादिर पात्र;	characters in a story, play etc;
		4. स्वभाव।	स्वभाव	स्वभाव	nature, temper, disposition.
चरित्र-दोष	पुं.	चाल-चलन की खराबी।	चरित्रदोष	चरित्रदोष	turpitude.
चरित्रनायक	पुं.	वह व्यक्ति जिसके जीवन की घटनाओं के आधार पर कोई पुस्तक या जीवनी लिखी गई हो।	नायकचरित्र	नायकचरित्र	eminent person whose life is depicted in a literary work, the hero of a play or drama.
चरित्र-निर्माण	पुं.	उदात्त गुणों का अर्जन करना, चरित्र को ऊंचा उठाना।	चरित्रगठन	चरित्रगठन	character building.
चरित्रवान	वि.	जिसका चरित्र शुद्ध हो, सदाचारी।	चरित्रवान्, सच्चरित्र	चरित्रवान्, सच्चरित्र	of good character and conduct.
चरित्रहीन	वि.	जिसका आचरण या चालचलन बहुत ही खराब या निंदनीय हो, बदचलन।	चरित्रहीन, चरित्रभ्रष्ट, दुश्चरित्र	चरित्रहीन, चरित्रभ्रष्ट, दुश्चरित्र	characterless, degenerate, dissolute.
चरी	स्त्री.	1. वह स्थान जो पशुओं के चरने के लिए खुला छोड़ा जाता है, चरागाह;	गोचर;	गोचर;	grazing ground;
		2. हरी ज्वार जो गाय-बैलों को खिलाने के लिए बोई गई हो।	जोयार जातीय सबुज चारागाछ	जोयार जातीय सबुज चारागाछ	green plants used as fodder for cattle.
चर्चा	स्त्री.	1. बातचीत, वार्तालप, जिक्र;	चर्चा, आलोचना;	चर्चा, आलोचना;	mention, discussion;
		2. अफवाह।	गुजब	गुजब	rumour.
चर्चित	वि.	जिसकी चर्चा की गई हो या हुई हो।	चर्चित, आलोचित, विचारित	चर्चित, आलोचित, विचारित	talked. of, discussed, under discussion.
चर्म	पुं.	चमड़ा।	चर्म, चामड़ा	चर्म, चामड़ा	skin, hide, leather.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चर्मकार	पुं.	चमड़े की चीज़े बनानेवाला व्यक्ति।	চর্মকার, চামার, মুচি	चर्मकार, चामार, मुचि	shoe-maker, cobbler, tanner.
चर्मरोग	पुं.	त्वचा के रोग।	চর্মরোগ, চর্মসম্বন্ধী রোগ	चर्मरोग, चर्मसम्बन्धी रोग	skin disease, cutaneous disease.
चर्या	स्त्री.	1. वह जो किया जाए, आचरण;	চর্যা, আচরণ;	चर्जा, आचरन;	conduct, performance;
		2. काम-धन्धा;	অনুষ্ঠান;	अनुष्ठान;	occupation, service;
		3. धर्मशास्त्र के अनुसार निषेध का पालन करना।	বৈধকামানুষ্ঠান	बैधकामानुष्ठान	practising religious austerities.
चर्राना	अ. क्रि.	1. लकड़ी आदि का टूटने के समय चर-चर शब्द होना;	কাঠ প্রভৃতি ভাংগার সময় চড় চড় শব্দ হওয়া;	काठ प्रभृति भांगार समय चड़ चड़ शब्द हओया;	to make cracking noise in breaking or tearing (as cloth, wood etc);
		2. घाव के सूखने के समय तनाव के कारण हल्की पीड़ा होना।	ঘা প্রভৃতি শুকাইবার সময় চিড় চিড় করা	घा प्रभृति शुकाइबार समय चिड़ चिड़ करा	to smart, to ache.
चर्वण	पुं.	चबाना।	চর্বণ, চিবান	चर्बन, चिबान	chewing, masticating, tasting.
चर्वित	वि.	चबाया हुआ।	চর্বিত	चर्बित	chewed, masticated.
चल	वि.	1. गतिमान, चलता या हिलता -डुलता रहनेवाला ;	চল, গতিশীল, অনবস্থিত;	चल, गतिशील, अनबस्थित;	moving, trembling, unsteady;
		2. जो एक स्थान से उठाकर या हटाकर दूसरे स्थान पर रखा या लाया जा सके।	জংগম, অস্থাবর	जंगम, अस्थाबर	mobile, movable.
चलचित्र	पुं.	सिनेमा।	চলচ্চিত্র, সিনেমা বায়স্কোপ	चलचित्र, सिनेमा, बायस्कोप	cinema, film.
चलता	वि.	1. जो काम या उपयोग के योग्य हो;	চলতি-গোছ, চলিয়া যাইবার মতো;	चलति-गोछ, चलिया जाइबार मतो;	workable, serviceable;
		2. जो जानेवाला या मरनेवाला हो, मरणासन्न;	যে চলিয়া যাইবে বা মরিয়া যাইবে, আসন্নমৃত্যু;	जे चलिया जाइबे बा मरिया जाइबे, आसन्नमृत्यु;	about to go or depart, moribund;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. जो पूर्णतः संतोषजनक अथवा कारामद न हो;	याहा पुरापुरि सन्तोषजनक नय, याहा निखुँत नय;	जाहा पुरापुरि सन्तोषजनक नय, जाहा निंखुत नय;	not upto the mark, imperfect, haphazard;
		4. कमजोर, न टिकनेवाला।	कमजोर, या टेकसई नय, पलका	कमजोर जा टेकसइ नय पलका	not durable, temporary, casual.
चलता पुरजा	वि.	चालाक या चुस्त	चालाक-चतुर, चालु	चालाक-चतुर, चालु	cunning, clever.
चलता-फिरता	वि.	जिसका कोई एक नियत स्थान न हो, जो हर समय गतिशील हो।	भ्राम्यमान, चलनशील	भ्राम्यमान, चलनशील	mobile.
चलती	स्त्री.	कोई कार्य करने या करा सकने का अधिकार।	कोनो काज करिते वा कराइते पारार अधिकार	कोनो काज करिते बा कराइते पारार अधिकार	sphere of action, power, authority, influence.
चलन	पुं.	1. रिवाज;	चलन, रेओयाज, रीति;	चलन, रेओयाज, रीति;	custom, ceremony, way, fashion, currency;
		2. आचरण।	आचरण	आचरन	manner of life, conduct, behaviour.
चलना	अ. क्रि.	1. पैरों की सहायता से जीव-जंतुओं का एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचने के लिए आगे बढ़ना;	चला, पदव्रजे याओया हाँटा;	चला, पदब्रजे जाओया, हांटा;	to move, stir, to go, proceed, to depart, to walk, travel;
		2. किसी प्रकार की गति से युक्त होकर आगे बढ़ना;	गतिशील हओया, तत्कार्ये चलिते थाका;	गतिशील हओया, तत्कार्जे चलिते थाका;	to be operated (as machine, etc);
		3. किसी कार्य या बात या स्थिति का उचित रूप से निर्वाह या वहन होना;	निर्वाहित हओया, सम्पन्न हओया;	निर्बाहित हओया, सम्पन्न हओया;	to be effective, to pass;
		4. किसी चीज़ का ठीक तरह से उपयोग या व्यवहार में आते रहना, बराबर काम देते रहना;	प्रचलित थाका वा हओया, कार्यशील थाका, सक्रिय हओया;	प्रचलित थाका बा हओया, कार्जशील थाका, सक्रिय हओया;	to pass (as coin), to be current, be in vogue, be in operation, be in force;
		5. शरीर के किसी अंग का अपने कार्य में प्रवृत्त या रत होना;	शरीरेर कोनो अंगेर गतिशील हओया;	शरीरेर कोनो अंगेर गतिशील हओया;	to move, to be in use;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		6. किसी काम या बात का आरंभ होना, छिड़ना;	কোনো কথা বা কাজ আরম্ভ হওয়া, শুরু হওয়া;	कोनो कथा बा काज आरम्भ हओया, शुरु हओया;	to set out, to start, to begin, be begun, be introduced;
		7. प्रहार के उद्देश्य से अस्त्र-शस्त्र आदि का प्रयोग या व्यवहार होना;	আঘাতের উদ্দেশে অস্ত্র-শস্ত্রাদির ব্যবহার হওয়া;	आघातेर उद्देशे अस्त्र-शस्त्रादिर ब्यबहार हओया;	to be charged, be fired, to go off (as gun), to be used, be brandished (as a sword);
		8. आपस में वैर-विरोध या वैमनस्य का व्यवहार होना;	পরস্পরের মধ্যে ঝগড়াঝাটি বা মন কষাকষি হওয়া;	परस्परेर मध्ये झगड़ाझाटि बा मन कषाकषि हओया;	to be at daggers drawn, to be inimical or hostile;
		9. मार्ग या रास्ते के संबंध में उसपर से लोगों का आना जाना होना;	লোক চলাচল হওয়া;	लोक चलाचल हओया;	to be busy (as road, street etc.);
		10. किसी क्रम या परंपरा का बराबर आगे बढ़ते रहना या जारी रहना;	বরাবর চলিয়া আসা, প্রচলিত থাকা;	बराबर चलिया आसा, प्रचलित थाका;	to be transmitted or handed down;
		11. लोगों के साथ अच्छा और मेलजोल का आचरण करना।	ঠিক মতো আচরণ করা, লোকের সংগে মিলিয়া মিশিয়া থাকা	ठीक मतो आचरन करा, लोकेर संगे मिलिया-मिशिया थाका	to conduct or comport oneself, to behave, to go on well.
चलनी	स्त्री.	आटा चालने या छानने का बरतन।	চালনি, চালুনি	चालनि, चालुनि	sieve, strainer, instrument for sifting flour.
चल-संपत्ति	स्त्री.	ऐसी संपत्ति जो आसानी से एक स्थान से हटाई-बढ़ाई जा सकती हो।	অস্থাবর সম্পত্তি	अस्थाबर सम्पत्ति	movable property.
चलाऊ	वि.	1. जैसे-तैसे काम चलानेवाला;	যেমন তেমন করিয়া কাজ চালাইবার মতো;	जेमन तेमन करिया काज चालाइबार मतो;	that may be made to answer or do, that may serve as a make-shift;
		2. अधिक समय तक टिकनेवाला, टिकाऊ।	টেকসই	टेकसइ	durable, lasting.
चलाचली	स्त्री.	1. कहीं से चलने के समय की जानेवाली तैयारी;	প্রস্থানকালের প্রস্তুতি;	प्रस्थानकालेर प्रस्तुति;	preparation for departure or for a journey, stir, bustle;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. इस लोक से प्रस्थान या मृत्यु की तैयारी।	ইহালোক ত্যাগ	इहालोक त्याग	departure from this life.
चलाना	स. क्रि.	1. किसी को चलने के लिए प्रेरित करना;	চালানো, নড়ানো, হাঁটানো;	चालानो नड़ानो, हांटानो;	to cause to walk, to move;
		2. आरंभ करना;	আরম্ভ করা;	आरम्भ करा;	to introduce, to begin, to initiate;
		3. यंत्र आदि को गति में लाना;	যন্ত্রাদি চালু করা;	जन्त्रादि चालु करा;	to drive, to impel, to set agoing, to propel;
		4. प्रचलित करना;	চালু করা, প্রচলিত করা;	चालु करा, प्रचलित करा;	to pass (as coin), to give currency (to);
		5. इधर-उधर करते हुए हिलाना-डुलाना;	নাড়ানো;	नाड़ानो;	to stir;
		6. तीर, गोली आदि छोड़ना;	তীর, গুলি ইত্যাদি ছোড়া;	तीर गुलि इत्यादि छोड़ा;	to operate (as gun or machine);
		7. धोखा देना, टालना।	ধোকা দেওয়া, ধাপ্পা দেওয়া	धोका देओया, धाप्पा देओया	to guile.
चलायमान	वि.	1. चलनेवाला;	চলায়মান, চলমান;	चलायमान, चलमान;	moving, going, proceeding, movable;
		2. विचलित।	বিচলিত	बिचलित	unsteady, vacillating, fickle.
चश्मदीद	वि.	जो आँखों से देखा हुआ हो।	প্রত্যক্ষদর্শী	प्रत्यक्षदर्शी	witnessed with eyes
चश्मा	पुं.	1. जल-स्रोत;	ঝরণা, উৎস;	झरना, उत्स;	fountain, spring;
		2. दृष्टि-शक्ति बढ़ाने या ठंडक रखने के लिए आँखों पर पहना जानेवाला शीशे या पारदर्शी पत्थर का ढांचा।	চশমা, দৃষ্টিশক্তি বর্ধক কাঁচের বা পাথরের চক্ষুর আবরণ বিশেষ	चशमा, दृष्टिशक्ति बर्धक कांचेर बा पाथरेर चक्षुर आबरन बिशेष	spectacles.
चषक	पुं.	शराब पीने का प्याला।	চষক, সুরাপানপাত্র	चषक, सुरापानपात्र	drinking-vessel, cup, wine-glass.
चसका	पुं.	किसी वस्तु या कार्य से मिला हुआ आनन्द, जो उस चीज़ के पुनः पाने या उस काम के पुनः करने की इच्छा उत्पन्न करता है।	চসকা, নেশা	चसका, नेशा	addiction, relish, compelling habituation.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चहकना	अ. क्रि.	1. पक्षियों का आनंदित होकर मधुर शब्द करना;	कूजन करा;	कूजन करा;	to chirp, to warbel;
		2. उमंग या प्रसन्नता से अधिक बोलना।	उत्साहे वा आनन्दे बक् बक् करा	उत्साहे बा आनन्दे बक् बक् करा	to be talkative (in merriment).
चहबच्चा	पुं.	1. छोटा गड्ढा या हौज जिसमें गंदा पानी आकर एकत्र होता है;	चौबाच्चा;	चौबाच्चा;	hole into which water descends, cistern, vat;
		2. धन गाड़ने या छिपा रखने का छोटा तहखाना।	भूगर्भस्थ क्षुद्र धनागार	भूगर्भस्थ क्षुद्र धनागार	subterranean store-pit.
चहलक़दमी	स्त्री.	सुखपूर्वक तथा धीरे-धीरे चलने की क्रिया या भाव।	पायचारि	पायचारि	stroll, walk, promenade.
चहल-पहल	स्त्री.	किसी स्थान पर बहुत से लोगों के आने-जाने की धूम।	हैं-हुल्लोड़, हट्टगोल	है-हुल्लोड़ हट्टगोल	gaiety, merriment, hustle-bustle, commotion.
चहारदीवारी	स्त्री.	किसी स्थान को चारों ओर से घेरने के लिए बनाई जानेवाली दीवार या दीवारें।	कोनो स्थान चारिदिके घिरार जन्य उँचु पाँचिल	कोनो स्थान चारिदिके घिरार जन्य उंचु पाचिल	four walls, boundary.
चहेती	स्त्री.	जिसे कोई बहुत अधिक चाहता हो।	अत्याधिक प्रिय, प्राणप्रिय	अत्यधिक प्रिय प्रानप्रिय	beloved, favourite.
चांटा	पुं.	हथेली तथा हाथ की उंगलियों से किसी के गाल पर किया जानेवाला प्रहार।	चाटि, चड़	चाटि, चड़	slap.
चांडाल (चंडाल)	पुं.	एक प्राचीन अन्त्यज, नीच और बर्बर जाति।	चन्डाल, चाँड़ाल, निम्न जाति विशेष	चंडाल, चांड़ाल, निम्न जाति विशेश	the untouchable.
	वि.	बहुत ही दुष्ट, नीच और पतित (व्यक्ति)।	चन्डालेर मतो क्रूरकर्मा, निर्दय	चन्डालेर मतो क्रूरकर्मा, निर्दय	sinful person (used as a rebuke).
चांडाली	स्त्री.	1. चांडाल जाति की स्त्री;	चन्डाली, चन्डालजाति-स्त्री;	चन्डाली, चन्डालजाति-स्त्री;	woman of the **candal** caste;
		2. चांडाल का कार्य।	चन्डालेर कार्य	चन्डालेर कार्ज	the act of a **candal.**
चांद	पुं.	1. चन्द्रमा;	चाँद, चन्द्र;	चांद, चन्द्र;	moon;
		2. खोपड़ी;	खापरि, चाँदि;	खापरि, चांदि;	the crown of the head;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. पशुओं के मस्तक पर का गोलाकार सफेद या किसी भिन्न रंग का दाग या फूल।	গবাদি পশুর কপালে সাদা বা অন্য রংগের গোল দাগ	गवादि पशुर कपाले सादा बा अन्य रंगेर गोल दाग	white spot in the forehead of cattle, etc.
चांदनी	स्त्री.	1. चांद का प्रकाश;	চাঁদনি, জ্যোৎস্না;	चांदनि, ज्योत्सना;	moonlight;
		2. बिछाने की बड़ी सफेद चादर;	বিছানার বড় সাদা চাদর;	बिछानार बड़ सादा चादर;	bedsheet, white cloth spread over a carpet;
		3. छत पर या ऊपर की ओर तानने का कपड़ा।	চাঁদোয়া	चांदोया	canopy.
चांदमारी	स्त्री.	दीवार या कपड़े पर बने हुए चिह्नों को लक्ष्य करके गोली चलाने का अभ्यास।	চাঁদমারী চন্দ্রাকৃতি চিহ্ন লক্ষ্য করিয়া গুলি মারার অভ্যাস	चांदमारी चन्द्राकृति चिह्न लक्ष्य करिया गुलि मारार अभ्यास	shooting practice, range.
चांदा	पुं.	1. दूरबीन का लक्ष्य-स्थान;	দূরবীনের লক্ষ্য স্থান;	दूरबीनेर लक्ष्य स्थान;	place of shooting, range where telescope is fixed;
		2. भूमि का एक माप;	জমির মাপ বিশেষ;	जमिर माप बिशेष;	a measure of land;
		3. ज्यामिति में काम आनेवाला एक अर्धवृत्ताकार उपकरण।	কোণমাপক যন্ত্র	कोनमापक जन्त्र	protractor.
चांदी	स्त्री.	1. सफेद रंग की एक नरम चमकीली धातु जो गहने, सिक्के आदि बनाने के काम आती है;	চাঁদী, রূপা, রৌপ্য;	चांदी, रूपा, रौप्य;	silver, argent;
		2. (ला.) आर्थिक लाभ।	আর্থিক লাভ	आर्थिक लाभ	(fig.) monetary gains.
चांद्रमास	पुं.	महीने भर का एक व्रत जिसमें चंद्रमा के घटने-बढ़ने के अनुसार आहार के कौर या ग्रास घटाने-बढ़ाने पड़ते हैं।	মাসব্যাপী, এক ব্রত ইহাতে চন্দ্রের হ্রাসবৃদ্ধি অনুসারে আহারের গ্রাস-সংখ্যা কমাইতে ও বাড়াইতে হয়	मासब्यापी एक ब्रत इहाते चन्द्रेर ह्रासबृद्धि अनुसारे आहारेर ग्रास-संख्या कमाइते ओ बाड़ाइते हय	lunar month, lunation, religious observance or expiatory penance regulated by the moon's age.
चाक	पुं.	1. खरिया;	চক, খড়ি;	चक, खड़ि;	chalk;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. चक्राकार पत्थर जिसे फिराकर कुम्हार बरतन बनाता है;	চাক, কুমোরের চাক, কুলাল;	चाक, कुमोरेर चाक, कुलाल;	potter's wheel;
		3. पहिया;	চক্র, চাকা;	चक्र, चाका;	wheel;
		4. कुएं से पानी खींचने की चरखी।	কপিকল	कपिकल	pulley (over which a well-rope passes).
चाकर	पुं.	नौकर।	চাকর, ভৃত্য	चाकर, भृत्य	servant, orderly.
चाकरी	स्त्री.	नौकरी।	চাকরী, চাকরি	चाकरी, चाकरि	service, attendance.
चाकू	पुं.	कलम बनाने, फल-तरकारी काटने का छोटा औजार।	চাকু, ছুরি	चाकु, छुरि	knife.
चाक्षुष	वि.	1. चक्षु संबंधी;	চাক্ষুষ, চক্ষুসম্বন্ধী	चाक्षुष, चक्षुसम्बन्धी;	relating to the eye, visual, optical;
		2. जिसका ज्ञान नेत्रों से हो।	প্রত্যক্ষ	प्रत्यक्ष	knowledge dependant on vision.
चाचा (चाची स्त्री.)	पुं.	पिता का छोटा भाई।	চাচা, কাকা, খুড়া	चाचा, काका, खुड़ा	paternal uncle.
चाट	स्त्री.	1. चस्का;	কোনো কাজ বারবার পাইবার বা করিবার ইচ্ছা;	कोनो काज बारबार पाइबार बा करिबार इच्छा;	habit or taste, irresistible proclivity;
		2. मसाला डालकर तैयार किया हुआ फलों-तरकारियों आदि का तीखे स्वादवाला खाद्य।	চাট, লঙ্কা লবণ অম্ল দ্রব্যাদি দ্বারা কৃত স্বাদু দ্রব্য বিশেষ	चाट, लंका लबन अम्ल द्रब्यादि द्वारा कृत स्बादु द्रब्य बिशेष	spicy preparation of vegetable, fruit etc.
चाटना	स. क्रि.	1. जीभ लगाकर या जीभ से पोंछ कर खाना या प्यार से जबान फेरना;	চাটা;	चाटा;	to lick, to lap, to taste;
		2. धन-संपत्ति आदि उड़ाकर नष्ट करना।	ধনসম্পত্তি উড়াইয়া দেওয়া	धनसम्पत्ति उड़ाइया देओया	to consume, devour.
चाटुकार	पुं.	खुशामद करनेवाला व्यक्ति, चापलूस।	চাটুকার, খোশামুদে	चाटुकार, खोशामुदे	flatterer, sycophant.
चाटुकारिता	स्त्री.	खुशामद करने का काम, चापलूसी।	চাটুকারিতা, খোশামোদ, খোশামোদি	चाटुकारिता, खोशामोद, खोशामोदि	flattery, sycophancy.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चातक	पुं.	पपीहा पक्षी जो वर्षा काल में बहुत बोलता है।	চাতক, মেঘজলপ্রার্থী পক্ষিবিশেষ	चातक, मेघजलप्रार्थी पक्षिविशेष	the bird Cucculus malanoleucus (said to subsist on rain drops).
चातुरी	स्त्री.	1. व्यवहार-दक्षता, होशियारी; 2. चालाकी।	চাতুরী, দক্ষতা, নিপুণতা; চালাকি	चातुरी, दक्षता, निपुनता; चालाकि	skill, dexterity, ability; cleverness, shrewdness.
चातुर्मास्य	पुं.	चार महीनों में होनेवाला एक वैदिक यज्ञ।	চাতুর্মাস্য, চতুর্মাস সাধ্য যজ্ঞ বিশেষ	चातुर्मास्य, चतुर्मास साध्य जज्ञ विशेष	a sacrifice performed every four months i.e. at the beginning of कार्तिक, फागुन and आषाढ़।
चातुर्य	पुं.	दे. 'चातुरी'।	দ্রষ্টব্য "চাতুরী"	द्रष्टव्य "चातुरी"	see 'चातुरी'
चातुर्वर्ण्य	पुं.	हिन्दुओं के ये चारों वर्ण ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र।	চাতুর্বর্ণ্য, ব্রাহ্মনাদি বর্ণচতুষ্টয়	चातुर्बन्य, ब्राह्मनादि बर्नचतुष्टय	the aggregate of the four original castes, viz. the **Brahman, Kshatriya, Vaisya** and **Sudra.**
चादर (चद्दर)	स्त्री.	1. कपड़े का वह आयताकार टुकड़ा जिसे सोते समय लोग नीचे बिछाते अथवा ऊपर ओढ़ते हैं;	চাদর, আস্তরণ, বিছানার চাদর, গায়ের চাদর;	चादर, आस्तरन, बिछानार चादर, गायेर चादर;	sheet, covering, coverlet;
		2. किसी धातु का बहुत बड़ा आयताकार और पतला पत्तर;	চাদর, ধাতুর পাত;	चादर, धातुर पात;	sheet (of iron, etc);
		3. ऊपर से गिरते या बहते हुए पानी की वह धारा जिसकी चौड़ाई अधिक और मोटाई कम हो।	জলধারা যাহার বিস্তার অধিক কিন্তু ঘনতা কম	जलधारा जाहार बिस्तार अधिक किन्तु घनता कम	cascade.
चाप	पुं.	धनुष।	চাপ, ধনু	चाप, धनु	bow, arc.
	स्त्री.	पैरों की आहट।	পদধ্বনি	पदध्वनि	sound.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चापलूस	वि.	खुशामदी।	খোশামুদে	खोशामुदे	flatterer, sycophant., wheedler.
चाबना	स. क्रि.	दे. 'चबाना'।	দ্রষ্টব্য "চবানা"	द्रष्टव्य "चबाना"	see 'चबाना'.
चाबी(चाभी)	स्त्री.	1. ताली; 2. कोई ऐसा पच्चड़ जिसे दो जुड़ी हुई वस्तुओं की संधि में ठोक देने से जोड़ दृढ़ होता हो।	চাবি; কাঠের ছোট কীলক–এটি ঠুকিয়া দিলে জোড় দেওয়ার	चाबि; काठेर छोट कीलक–एटि ठुकिया दिले जोड़ देओयार	key; splint.
चाबुक	पुं.	कोड़ा।	চাবুক, কোড়া, কশা	चाबुक, कोड़ा, कशा	whip.
चाम	पुं.	चमड़ा।	চাম, চামড়া, ছাল	चाम, चामड़ा, छाल	skin, hide, leather.
चामर	पुं.	1. चंवर; 2. एक प्रकार का वर्णवृत जिसके प्रत्येक चरण में रगण जगण रगण जगण और रगण होते हैं।	চামর, চমরী গরুর ল্যাজ; ছন্দবিশেষ	चामर, चमरी, गरुर ल्याज; छन्दबिशेष	the tail of the Bos grunniens; a kind of metre (in poetry).
चाय	स्त्री.	एक प्रसिद्ध पौधा जिसकी सुखाई हुई पत्तियों का काढ़ा चीनी और दूध मिला कर पिया जाता है।	চা	चा	tea.
चायदानी	स्त्री.	वह बरतन जिसमें चाय बनाई या बनाकर रखी जाती है।	চা-দানী	चा-दानी	tea-pot.
चायपानी	पुं.	अल्पाहार।	জলপান	जलपान	light refreshment.
चार	वि.	जो गिनती में तीन से एक अधिक हो।	চার (৪) এই সংখ্যা	चार (4) एइ संख्या	four; the number 4.
चारखाना	पुं.	आड़ी और खड़ी धारियों या रेखाओं की ऐसी रचना जिसमें बीच-बीच में चौकोर खाने पड़ते हों।	চারখানা, চৌকো খোপ-কাটা ছিটের কাপড়, চৌখুপী	चारखाना, चौको खोप-काटा छिटेर कापड़, चौखुपी	cloth ornamented with squares, chequered cloth.
चारण	पुं.	राजाओं के दरबार में उनकी तथा उनके पूर्वजों की प्रशंसा गानेवाला व्यक्ति, बंदीजन, भाट।	চারণ, স্তুতি বা কুলকীর্তি-গায়ক	चारन, स्तुति बा कुलकीर्ति-गायक	bard, penegyrist.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चारपाई	स्त्री.	पलंग, खाट।	চারপাই, খাটিয়া	चारपाइ, खाटिया	bedstead, cot.
चार सौ बीस	वि.	धोखेबाज़।	ধোকাবাজ, ধড়িবাজ	धोकाबाज, धड़िबाज	fraudulent, deceitful.
चार सौ बीसी	स्त्री.	धोखेबाज़ी।	ধোকাবাজি	धोकाबाजि	fraud, deceit, forgery.
चारा	पुं.	1. पशुओं के खाने की घास, पत्ती, डंठल आदि;	চারা, পশুর খাদ্য;	चारा, पशुर खाद्य;	food (for cattle), fodder;
		2. चिड़ियों, मछलियों आदि को फंसाने के लिए खिलाई जानेवाली वस्तु;	চার;	चार;	bait (for fish etc.);
		3. उपाय, इलाज, युक्ति।	চারা, উপায়, প্রতিকার	चारा, उपाय, प्रतिकार	remedy, means.
चारित्र्य	पुं.	चरित्र, आचरण।	চারিত্র্য, চরিত্র	चारित्र्य, चरित्र	conduct, character.
चारु	वि.	सुंदर, आकर्षक।	চারু, সুন্দর, মনোহর	चारु, सुन्दर, मनोहर	beautiful, lovely, elegant.
चारुता	स्त्री.	सुंदरता।	চারুতা, সৌন্দর্য	चारुता, सौन्दर्ज	beauty, elegance.
चाल	स्त्री.	1. चलने की क्रिया या भाव;	চাল, চলন;	चाल, चलन;	motion, movement, gait, walk;
		2. गति, रफ्तार;	গতি;	गति;	speed, pace;
		3. आचरण;	আচার-ব্যবহার;	आचार-ब्यबहार;	conduct, behaviour;
		4. धूर्तता;	ফন্দি, ছল;	फन्दि, छल;	expedient, artifice, manoeuvre, trick, stratagem;
		5. शतरंज, ताश आदि के खेल में गोटी को एक घर से दूसरे घर में ले जाने अथवा पत्ते पास को दांव पर डालने की क्रिया।	দাবা-পাশা খেলায় এক ঘর ইহাতে অন্য ঘরে ঘুঁটি সরানো	दाबा-पाशा खेलाय एक घर इहाते अन्य घरे घुंटि सरानो	a move (in chess, etc.).
चालक	वि.	चलानेवाला।	চালক	चालक	driver, pilot.
चालचलन	पुं.	नैतिक दृष्टि से देखा जानेवाला व्यवहार या आचरण, चरित्र।	চালচলন, স্বভাবচরিত্র, আচার-ব্যবহার	चालचलन, स्बभावचरित्र, आचार-ब्यबहार	conduct, character.
चाल-ढाल	स्त्री.	1. किसी व्यक्ति के चलने-फिरने का ढंग या मुद्रा;	চলাফিরার ভংগী;	चलाफिरार भंगी;	gait, motion;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी व्यक्ति का ऊपरी आचरण या व्यवहार।	চালচলন	चालचलन	deportment. bearing, demeanour
चालन	पुं.	1. चलाने की क्रिया या भाव; 2. चलनी; 3. चोकर जो आटा चालने के बाद बच रहता है।	চালন, চালানো, নড়ানো; চালুনী; আটা চালার পর যে-চোকল অবশিষ্ট থাকে	चालन, चालानो, नड़ानो; चालुनी; आटा चालार पर जे-चोकल अबशिष्ट थाके	causing to move, motion; sieve, strainer; residue, left after sifting.
चालबाज	वि.	धूर्तता से अपना काम निकाल लेनेवाला।	চালবাজ, ফন্দি-বাজ, চালিয়াৎ	चालबाज, फन्दि-बाज, चालियात्	deceitful, crafty, cunning,
चालबाजी	स्त्री.	धोखेबाजी।	চালবাজি, ধোকাবাজি, চালিয়াতি, ধাপ্পাবাজি	चालबाजि, धोकाबाजि, चालियाति, धाप्पाबाजि	deception, trick, craftiness.
चालाक	वि.	होशियार, धूर्त।	চালাক, চতুর, ধূর্ত	चालाक, चतुर, धूर्त	clever, cunning, crafty.
चालाकी	स्त्री.	चतुराई, धूर्तता।	চালাকি, চতুরতা, ধূর্ততা	चालाकि, चतुरता, धूर्तता	cleverness, craftiness.
चालीस	वि.	जो गिनती में तीस से दस अधिक हो।	চালিশ, চল্লিশ	चालिश, चल्लिश	forty.
	पुं.	उक्त की बोधक संख्या—40	(৪০) এই সংখ্যা	(40) एइ सख्या	the number 40.
चालीसा	पुं.	1. चालीस पदों का संकलन;	৪০স্তবকের সংকলন;	40 स्तबकेर संकलन;	collection of forty stanzas;
		2. चालीस दिन का समय।	৪০ দিন সময়	40 दिन समय	period of forty days.
चालू	वि.	1. प्रचलित; 2. जो चल रहा हो; 3. चालाक।	চালু, প্রচলিত; যাহা চলিতেছে; চালক	चालु, प्रचलित; जाहा चलितेछे; चालक	current, prevalent; moving, in motion; shrewd, cunning.
चाव	पुं.	प्रबल इच्छा।	প্রবল ইচ্ছা, চাওয়া	प्रबल, इच्छा, चाओया	fondness, eagerness, ardent desire.
चावल	पुं.	धान के बीजों के अन्दर के दाने जिनकी गिनती प्रसिद्ध अन्नों में है।	চাউল, চাল	चाउल, चाल	rice.
चाशनी	स्त्री.	चीनी गुड़ आदि को आंच पर चढ़ाकर गाढ़ा और लसीला किया हुआ रस।	চিনি বা গুড়ের ঘন রস	चिनि बा गुड़ेर घन रस	treacle.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चाह	स्त्री.	1. इच्छा;	চাহা, ইচ্ছা;	चाहा, इच्छा;	desire, longing, craving;
		2. प्रेम।	প্রেম	प्रेम	liking, love.
चाहना	स. क्रि.	1. इच्छा करना;	চাওয়া;	चाओया;	to desire, to require, to want;
		2. प्रेम करना।	প্রেম করা	प्रेम करा	to be enamoured of, to love.
चाहिए	अव्य.	1. आवश्यकता है;	আবশ্যক, চাই;	आवश्यक, चाइ;	wanted, is necessary, is needful or requisite;
		2. उचित है।	উচিত	उचित	is proper or right, it behoves, should or ought.
चाहे	अव्य.	यदि इच्छा हो, यदि मन में आवे।	চাইলে, ইচ্ছা করিলে, অথবা	चाइले इच्छा करिले, अथबा	even if, whether, either.
चिउंटा	पुं.	च्यूंटी की जाति का किन्तु उससे आकार में बड़ा एक कीड़ा जो मीठे के पास बहुत जाता है।	ডেয়ে, ডেয়ো পিঁপড়া	डेये, डेयो पिंपड़ा	large ant (black or red).
चिउंटी	स्त्री.	चींटी।	পিঁপড়া	पिंपड़ा	ant.
चिंघाड़	स्त्री.	1. हाथी के बहुत जोर से बोलने का शब्द;	বৃংহণ, হস্তিগর্জন;	बृंहन, हस्तिगर्जन;	trumpet of an elephant;
		2. किसी के सहसा उत्तेजित होकर बहुत जोर से चिल्लाने का शब्द।	রাগে গলা ফাটাইয়া চীৎকার, গর্জন	रागे गला फाटाइया चीत्कार, गर्जन	roar in rage.
चिंघाड़ना	अ. क्रि.	1. हाथी का बोलना या चिल्लाना;	হস্তীর গর্জন করা, হাতীর ডাকা;	हस्तीर गर्जन करा, हातीर डाका;	to trumpet (as an elephant);
		2. चिल्लाना।	রাগে চেঁচানো	रागे चेंचानो	to roar in rage.
चिंतक	वि., पुं.	चिंतन या मनन करनेवाला, सोचनेवाला।	চিন্তক, বিচারক	चिन्तक, विचारक	thinker, philosopher, contemplator.
चिंतन	पुं.	कोई बात समझने या सोचने के लिए मन में बार-बार किया जानेवाला उसका ध्यान या विचार।	চিন্তন, মনন, ধ্যান, স্মরণ	चिन्तन, मनन, ध्यान, स्मरन	thinking, thought, reflection.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चिंतनीय	वि.	चिंतन या ध्यान करने येग्य।	চিন্তনীয়	चिन्तनीय	capable of being thought about, thinkable, causing anxiety or worry.
चिंता	स्त्री.	सोच, फिक्र।	চিন্তা, ভাবনা, উদ্বেগ	चिन्ता, भाबना, उद्वेग	worry, care, concern.
चिंतित	वि.	जिसे किसी बात की फिक्र या चिंता हो।	চিন্তিত, ভাবিত উদ্বিগ্ন	चिन्तित, भाबित, उद्विग्न	anxious, worried, pensive.
चिंत्य	वि.	जिसके संबंध में चिंतन करना आवश्यक या उचित हो।	চিন্ত্য, চিন্তনীয়, ভাবনীয়	चिन्त्य, चिन्तनीय, भाबनीय	to be considered or thought over, requiring consideration, doubtful, questionable.
चिंदी	स्त्री.	कपड़े का बहुत छोटा टुकड़ा या धज्जी।	কাপড়ের খুব ছোট টুকরা, বা ফালি	कापड़ेर खुब छोट टुकरा बा फालि	small piece, scrap, rag.
चिउड़ा (चिड़वा)	पुं.	हरे भिगोए या कुछ उबाले हुए धान को भाड़ में भूनकर और फिर कूटकर बनाया हुआ उसका चिपटा दाना।	চিঁড়া, চিঁড়ে	चिंड़ा, चिंड़े	rice prepared and beaten flat.
चिक	स्त्री.	बांस या सरकंडे की तीलियों का बना हुआ झंझरीदार परदा।	চিক, সরু বাঁশের শলার ঝাঁঝরা পর্দা	चिक, सरु बांशेर शलार झांझरा पर्दा	screen usually made of bamboo parings or reeds.
चिकटना	अ. क्रि.	मैल जमने के कारण चिपचिपा होना।	চিটচিটে হওয়া	चिटचिटे हओया	to be sticky owing to oiliness and dirt.
चिकन	स्त्री.	एक प्रकार का महीन सूती कपड़ा जिस पर उभरे हुए बूटे कढ़े रहते हैं।	চিকন, মিহি সূতি কাপড়ের উপর ছুঁচের কাজ করা	चिकन, मिहि सूति कापड़ेर उपर छुंचेर काज करा	embroidered fine muslin.
चिकना (चिकनी	वि. स्त्री.)	1. जो छूने में खुरदरा न हो;	মসৃণ;	मसृन;	smooth, glossy;
		2. जिस पर पैर आदि फिसलें;	পিচ্ছিল;	पिच्छिल;	slippery;
		3. जिसमें तेल आदि कोई चिकना पदार्थ लगा हो।	তেলা	तेला	oily or greasy.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चिकनाई	स्त्री.	1. घी, तेल आदि चिकने पदार्थ; 2. स्निग्धता; 3. चिकनापन।	घि, तेल ইত্যাদি স্নেহপদার্থ; চিকনাই, চিক্কণতা; তৈলাক্ততা	घि, तेल इत्यादि स्नेहपदार्थ; चिकनाइ, चिक्कनता; तैलाक्तता	oil, grease, fat, butter; smoothness; greasiness.
चिकनाना	स. क्रि.	1. रूखापन, खुरदरापन मिटाना; 2. तेल आदि लगाना।	মসৃণ করা, চক্‌চকে করা; তেল মাখানো, তেল লাগানো	मसृन करा, चक्‌चके करा; तेल माखानो, तेल लागानो	to smooth, to polish, to clean; to oil, lubricate, to grease.
चिकनाहट	स्त्री.	चिकना होने की अवस्था या भाव।	চিকনাই, চেকনাই	चिकनाइ, चेकनाइ	oiliness, greasiness.
चिकारा	पुं.	1. सारंगी की तरह का एक बाजा जो घोड़े के बालों की कमानी से बजाया जाता है;	সারংগীর মতো এক প্রকার বাদ্যযন্ত্রবিশেষ;	सारंगीर मतो एक प्रकार बाद्‌यजन्त्रबिशेष;	a kind of violin;
		2. हिरन की जाति का एक जानवर जो तेज दौड़ने और सुंदर आँखों के लिए प्रसिद्ध है।	হরিণজাতীয় এক জন্তু, জোর ছুটা ও সুন্দর চোখের জন্য প্রসিদ্ধ	हरिनजातीय एक जन्तु, जोर छुटा ओ सुन्दर चोखेर जन्य प्रसिद्ध	the ravine deer.
चिकित्सक	पुं.	रोगों की चिकित्सा करनेवाला।	চিকিৎসক, যে চিকিৎসা করে	चिकित्सक, जे चिकित्सा करे	physician, doctor.
चिकित्सा	स्त्री.	रोग-निवारण का उपाय।	চিকিৎসা, ঔষধাদির ব্যবস্থা	चिकित्सा, औषधादिर ब्यबस्था	medical treatment, remedy.
चिकित्सा शास्त्र	पुं.	वह शास्त्र जिसमें अनेक प्रकार के रोगों के लक्षणों और उनकी चिकित्साओं का विवेचन होता है।	চিকিৎসা-শাস্ত্র	चिकित्सा-शास्त्र	medical science.
चिकोटी	स्त्री.	हाथ की चुटकी की वह मुद्रा जिससे किसी के शरीर का थोड़ा सा मांस पकड़कर दबाया जाए।	চিমটি	चिमटि	pinch, tweak, twitch.
चिट	स्त्री.	कागज का वह छोटा टुकड़ा जिस पर कोई बात लिखी जाए।	চিট, কাগজের ছোট টুকরা যার উপর কিছু লেখা যায়	चिट, कागजेर छोट टुकरा जार उपर किछु लेखा जाय	chit.
चिट्टा	वि.	जिसका रंग या वर्ण सफेद हो।	ধপধপে ফরসা	धपधपे फरसा	clear, white, bright, fair.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चिट्ठा	पुं.	1. आय-व्यय या लेन-देन का वह हिसाब जो मुख्यतः एक ही कागज पर लिखा गया हो;	চিঠা;	चिठा;	account book, day book;
		2. किसी काम या बात का पूरा ब्योरा या विस्तृत विवरण।	কোন কাজ বা বিষয়ের পুরা ফিরিস্তি বা বিস্তৃত বিবরণ	कोन काज बा बिषयेर पूरा फिरिस्ति बा बिस्तृत बिबरन	detailed list.
चिट्ठी	स्त्री.	वह कागज जिस पर कहीं भेजने के लिए समाचार आदि लिखा हो, पत्र, खत।	চিঠি, পত্র, লিপি	चिठि, पत्र, लिपि	letter, note.
चिड़चिड़ा	वि.	जो जरा सी बात पर चिढ़ जाए, झुंझला उठे।	চিড়চিড়া, খিট-খিটে রাগী	चिड़चिड़ा खिट-खिटे रागी	peevish, irritable.
चिड़चिड़ाना	अ. क्रि.	जरा सी बात से चिढ़कर क्रोध-भरी बातें कहना।	অল্পেতে চটিয়া গিয়া ক্রোধভরে কথা বলা	अल्पेते चटिया गिया क्रोधभरे कथा बला	to be irritated or petulant, to fume, fret, etc.
चिड़चिड़ाहट	स्त्री.	चिड़चिड़ाने की अवस्था, क्रिया या भाव।	খিট্‌খিটে স্বভাব	खिट्‌खिटे स्वभाब	irritability, peevishness.
चिड़िया	स्त्री.	पक्षी।	চিড়িয়া, পাখী	चिड़िया, पाखी	bird.
चिड़ियाघर	पुं.	वह स्थान जहां अनेक प्रकार के पशु-पक्षी आदि जनसाधारण को प्रदर्शित करने के लिए एकत्र करके रखे जाते हैं।	চিড়িয়াখানা	चिड़ियाखाना	zoo.
चिड़ी	स्त्री.	1. पक्षी;	পাখী;	पाखी;	bird;
		2. ताश का चिड़िया -नामक रंग।	চিঁড়িতন, চিড়িতন	चिंड़तन, चिड़तन	the club suit in playing cards.
चिड़ीमार	पुं.	चिड़िया पकड़ने या फंसानेवाला।	চিড়িমার, পাখ-মারা, পাখীমারা	चिड़िमार पाख-मारा, पाखीमारा	bird-catcher, fowler.
चिढ़	स्त्री.	1. चिढ़ने का भाव;	চটা, বিরক্তি;	चटा, बिरक्ति;	irritation, disgust;
		2. नफरत;	ঘৃণা;	घृना;	aversion, antipathy, abhorrence;
		3. ऐसी बात जिससे कोई व्यक्ति चिढ़ता हो।	খেপানো, রাগানো, চটানো	खेपानो, रागानो, चटानो	provocation, mocking, jeer.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चिढ़ना	अ. क्रि.	नाराज होना, बुरा मानना।	চটিয়া যাওয়া, খেপিয়া যাওয়া	चटिया जाओया, खेपिया जाओया	to be irritated, to be teased.
चिढ़ाना	स. क्रि.	1. नाराज करना; 2. किसी को कुढ़ाने के लिए मुंह बनाना।	চটানো, রাগানো, খেপানো; কাহাকে খেপাইবার জন্য মুখভংগী করা	चटानो, रागानो, खेपानो; काहाके खेपाइबार जन्य मुखभंगी करा	to irritate, to offend. to annoy;. to make grimaces at.
चित	वि., क्रिवि	पीठ के बल सीधा पड़ा हुआ।	চিত, ঊর্ধ্বমুখ হইয়া শয়ান	चित, ऊर्ध्वमुख हइया शयान	supine, lying flat (on the back)
	पुं.	सिक्के का चेहरेवाला भाग।	যে-দিকে টাকার ছাপ থাকে	जे-दिके टाकार छाप थाके	head (of a coin).
चितकबरा	वि.	किसी एक रंग पर दूसरे के दागवाला।	চিত্রিত, চিত্রবিচিত্র	चित्रित, चित्रबिचित्र	spotted, piebald, variegated.
चितवन	स्त्री.	किसी की ओर देखने का ढंग, कटाक्ष।	তাকাইবার ভংগী, কটাক্ষ	ताकाइबार भंगी कटाक्ष	glance, sight, look.
चिता	स्त्री.	चुनकर रखी हुई लकड़ियों का ढेर जिस पर मुर्दा जलाया जाता है।	চিতা, শবদাহের জন্য অগ্ন্যাধার	चिता शबदाहेर जन्य अग्नयाधार	a pile of wood (on which the Hindus burn their dead), pyre, funeral pile.
चितेरा	पुं.	चित्रकार।	চিত্রকর	चित्रकर	painter, artist.
चित्त	पुं.	1. मन; 2. अन्तःकरण।	চিত্ত, মন; অন্তঃকরণ	चित्त, मन; अन्तःकरन	intellect, reasoning faculty, mind; conscience.
चित्त-विक्षोभ	पुं.	चित्त की अस्थिरता या चंचलता।	চিত্তবিক্ষেপ, চিত্তের অপ্রকৃতিস্থতা	चित्तबिक्षेप, चित्तेर अप्रकृतिस्थता	mental inconstancy or fickleness.
चित्त-विभ्रम	पुं.	1. मन में होनेवाली किसी प्रकार की भ्रांति या भ्रम; 2. उन्माद, पागलपन।	চিত্তবিভ্রম, বুদ্ধিভ্রংশ; মনের বিকার উন্মাদরোগ	चित्तबिभ्रम, बुद्धिभ्रंश; मनेर बिकार, उन्मादरोग	mental illusion; derangement of mind, madness.
चित्तवृत्ति	स्त्री.	चित्त की अवस्था, अभिरुचि।	চিত্তবৃত্তি, চিত্তের অবস্থা অভিরুচি	चित्तवृत्ति, चित्तेर अवस्था अभिरुचि	disposition or state of mind, inclination.
चित्ताकर्षक	वि.	मोहित करने या लुभानेवाला।	চিত্তাকর্ষক, মনোলোভ	चित्ताकर्षक, मनोलोभ	charming, fascinating, attractive.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चित्ताकर्षण	पुं.	किसी के प्रति मन का खिंचाव।	চিত্তাকর্ষণ, মনোহরণ	चित्ताकर्षन, मनोहरन	fascination, charm.
चित्ती	स्त्री.	किसी एक रंगवाली वस्तु पर दूसरे रंग का लगा हुआ चिह्न या दाग।	দাগ, চিহ্ন	दाग, चिह्न	spot, mark, stain, blotch.
चित्र	पुं.	1. तसवीर; 2. आकृति; 3. मानसिक चक्षुओं के सामने आनेवाली आकृति या रूप।	চিত্র, তসবীর; প্রতিমূর্তি, প্রতিকৃতি; মনশ্চক্ষুর সম্মুখবর্তী আকৃতি বা রূপ	चित्र, तसबीर; प्रतिमूर्ति, प्रतिकृति; मनश्चक्षुर सम्मुखबर्ती आकृति बा रूप	picture, painting; figure, diagram; image, form.
चित्रकला	स्त्री.	तसवीर बनाने का हुनर।	চিত্রকলা, চিত্রবিদ্যা	चित्रकला, चित्रबिद्या	art of painting.
चित्रकार	पुं.	चित्र बनानेवाला।	চিত্রকর	चित्रकर	painter, artist.
चित्रकारी	स्त्री.	1. चित्र बनाने की कला या विद्या; 2. चित्रकार का काम या भाव।	চিত্রকলা; চিত্রাঙ্কণ, চিত্রকর্ম	चित्रकला; चित्रांकन, चित्रकर्म	art of painting; act or function of an artist.
चित्रकाव्य	पुं.	वह आलंकारिक काव्य जिसके चरणों की रचना ऐसी युक्ति से की गई हो कि वे चरण किसी विशिष्ट क्रम से लिखे जाने पर कमल, खड्ग, घोड़े, हाथी आदि के चित्रों के समान बन जाते हैं।	চিত্রকাব্য, যে-কাব্যের পদসমূহ চিত্রের আকারে বিন্যস্ত হয়	चित्रकाव्य, जे-काव्येर पदसमूह चित्रेर आकारे बिन्यस्त हय	kind of ornamental poetry whose feet are so arranged that in a particular order they appear to be figures of lotus, sword, horse, elephant etc.
चित्रण	पुं.	किसी घटना, भाव, वस्तु, व्यक्ति आदि का विशद तथा सजीव रूप में शब्दों में किया जानेवाला वर्णन।	চিত্রণ, ছবি বা নক্সা আঁকা চিত্রকরণ, লিখন	चित्रन छबि बा नक्सा आंका चित्रकरन, लिखन	painting, portrayal, depiction.
चित्रपट	पुं.	चल-चित्र।	চলচ্চিত্র	चलच्चित्र	motion picture.
चित्रलिपि	स्त्री.	वह लिपि जिसमें वर्णों या अक्षरों की जगह वस्तुओं और क्रियाओं के चित्र बनाकर उनके द्वारा भाव व्यक्त किए जाते हैं।	চিত্রলিপি, যে-লিখন পদ্ধতিতে চিত্রই বর্ণ বা অক্ষর-স্বরূপ ব্যবহৃত হয়	चित्रलिपि जे-लिखन पद्धतिते चित्रइ बर्न बा अक्षर-स्वरूप ब्यबहृत हय	pictograph, pictorial script.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चित्रवत्	क्रि. वि.	चित्र के समान, गति-रहित और स्तब्ध।	চিত্রবৎ, ছবির মতো	चित्रबत्, छबिर मतो	picture-like, still, motionless.
चित्र-विचित्र	वि.	1. विलक्षण; 2. रंग-बिरंगा।	বিলক্ষণ; চিত্রবিচিত্র রংগ-বিরংগ, নানাবর্ণ	बिलक्षन; चित्रबिचित्र, रंग-बिरंग नानाबर्न	strange, odd; variously coloured, variegated.
चित्रशाला	स्त्री.	1. वह स्थान जहां चित्र बनते हों; 2. वह स्थान जहां चित्र विक्रयार्थ या प्रदर्शनार्थ रखे जाते हों।	চিত্রশালা, চিত্রাঙ্কন গৃহ; চিত্রশালা, চিত্রপ্রদর্শন গৃহ	चित्रशाला, चित्रांकन गृह; चित्रशाला, चित्रप्रदर्शन गृह	painter's studio; picture gallery.
चित्राधार	पुं.	कोरे पन्नों की नत्थी की हुई वह पुस्तक जिसमें अनेक प्रकार के चित्र एकत्रित करके लगाए जाते हैं।	অ্যাল্‌বাম, চিত্রমঞ্জুষা	अ्यालबाम, चित्रमंजुषा	album.
चित्रित	वि.	1. चित्र के रूप में खींचा या दिखाया हुआ; 2. शब्दों में वर्णन किया हुआ।	চিত্রিত, অঙ্কিত, চিত্রীকৃত; বর্ণিত	चित्रित, अंकित, चित्रीकृत; बर्निंत	portrayed, painted, drawn; described, depicted.
चित्रीकरण	पुं.	1. विभिन्न वर्णों में रंग भरकर चित्रित करना; 2. सजाना।	চিত্রীকরণ, চিত্রাঙ্কণ, চিত্রণ; সাজানো	चित्रीकरन, चित्रांकन, चित्रन; साजानो	painting, photography; decorating, embellishing.
चिथड़ा	पुं.	बहुत पुराना, फटा हुआ मैला कपड़ा।	অতি পুরাতন ছিঁড়া ন্যাকড়া	अति पुरातन छिंड़ा न्याकड़ा	rag, tatter, shred.
चिनगारी	स्त्री.	1. जलती हुई वस्तु से निकलकर अलग होनेवाला आग का छोटा कण; 2. (ला.) कोई ऐसी छोटी बात जिसका आगे चलकर बहुत उग्र या भीषण प्रभाव हो सकता है	স্ফুলিংগ, ফিন্‌কি, ফুলকি অগ্নিকণা; এমনি কোনো ছোট কথা, পরে যার মস্ত বড় এবং ভীষণ প্রভাব হইতে পারে	स्फुलिंग, फिन्‌कि, फुलकि, अग्निकना; एमनि कोनो छोट कथा, परे जार मस्त बड़ एबं भीषन प्रभाब हइते पारे	spark, ember ; (fig.) anything inflammatory.
चिनना	स. क्रि.	दीवारों की जुड़ाई में क्रम से और ठीक तरह से ईंट, पत्थर आदि बैठाना या लगाना, चुनना।	দেওয়াল গাঁথার সময় ঠিক ঠিক মত ইঁট, পাথর ইত্যাদি বসান	देओयाल गांथार समय ठिक ठिक मत ईंट पाथर इत्यादि बसान	to build up (a wall. doorway etc.).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चिनाई (चुनाई)	स्त्री.	1. चुनने की क्रिया, भाव या मज़दूरी;	গাঁথনি করা বা গাঁথনি করার মজুরী;	गांथनि करा बा गांथनि करार मजुरी;	act of or wages for piling up (stones, bricks etc.);
		2. दीवार की जुड़ाई या उसका ढंग।	দেওয়াল গাঁথা বা গাঁথার পদ্ধতি	देओयाल गांथा बा गांथार पद्धति	building up (a wall), bricklaying, masonry work.
चिन्मय	पुं.वि.	1. परमात्मा; 2. पूर्ण तथा विशुद्ध ज्ञानमय।	চিন্ময়, পরমাত্মা; চৈতন্যস্বরূপ, জ্ঞানময়	चिन्मय, परमात्मा; चैतन्यस्वरूप, ज्ञानमय	the Almighty; consisting of pure intelligence, spiritual.
चिन्मयता	स्त्री.	पूर्ण तथा विशुद्ध ज्ञान की अवस्था।	চিন্ময়তা, চৈতন্যস্বরূপতা	चिन्मयता, चैतन्यस्वरूपता	state of being conscious.
चिपकना	अ. क्रि.	1. किसी लसीली वस्तु के कारण दो वस्तुओं का परस्पर जुड़ना;	আঁটা, সাঁটা;	आंटा, सांटा;	to stick, to adhere, to cling;
		2. दो वस्तुओं का इतना पास होना कि दोनों के बीच अवकाश न रह जाए।	দুইটি জিনিসের এমনভাবে সংলগ্ন হওয়া যাহাতে উভয়ের মধ্যে কোনো তাঁক না থাকে	दुइटि जिनिसेर एमनभाबे संलग्न हओया जाहाते उभयेर मध्ये कोनो तांक ना थाके	to be compressed, to be shut tight.
चिपकाना	स. क्रि.	1. किसी लसीली वस्तु की सहायता से दो वस्तुओं को जोड़ना;	আঠা দিয়া দুইটি বস্তু জোড়া দেওয়া, সাঁটা;	आठा दिया दुइटि बस्तु जोड़ा देओया सांटा;	to paste, to cause to stick;
		2. गले लगाना;	গলাগলি করা, আলিংগন করা;	गलागलि करा, आलिंगन करा;	to embrace, to take into one's lap;
		3. किसी काम-धंधे में लगाना।	কোনো কাজকর্মে লাগাইয়া দেওয়া	कोनो काजकर्मे लागाइया देओया	stick (a person into a place), to get employment (to a person).
चिपचिप	स्त्री.	किसी लसदार वस्तु को छूने से होनेवाला अनुभव या शब्द।	চটচট, আঠা আঠা	चटचट, आठा आठा	the sound or feeling of stickiness or greasiness.
चिपचिपा	वि.	1. चिपकनेवाला; 2. लसदार।	চটচটে; আঠাল	चटचटे; आठाल	sticky, greasy; adhesive, glutinous.
चिपचिपाना	अ. क्रि.	किसी वस्तु का लसदार लगना।	চটচটে হওয়া	चटचटे हओया	to be sticky, greasy.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चिपचिपाहट	स्त्री.	चिपचिपे होने की अवस्था, गुण या भाव।	চটচটে ভাব	चटचटे भाव	stickiness, adhesiveness.
चिपटना	अ. क्रि	चिपकना।	साँटिया थाका, आँटिया थाका	सांटिया थाका, आंटिया थाका	to cling to, to hold fast.
चिपटा (चिपटी)	वि. स्त्री.	जिसकी सतह बहुत कुछ दबी हुई या बराबर फैली हो।	চিপট, চেপ্টা	चिपट, चेप्टा	flat.
चिपटाना	स. क्रि.	1. चिपकाना, सटाना;	সাঁটানো;	सांटानो;	to cause to adhere, to sitck on (anything, as a wafer etc).
		2. आलिंगन करना।	আলিংগন করা	आलिंगन करा	to embrace, to hold fast.
चिपटी	स्त्री.	कान में पहनने की एक प्रकार की बाली।	এক প্রকরা ইয়ারিং	एक प्रकार इयारिंग	kind of ear-ring.
चिप्पी	स्त्री.	1. लकड़ी, धातु आदि का छोटा चिपटा टुकड़ा; 2. कागज़ का छोटा टुकड़ा जो कहीं चिपका दिया जाए।	काठ, धातु ইত্যাদির ছোট টুকরা; কাগজের যে ছোট টুকরা কোথাও সাঁটিয়া দেওয়া হয়	काठ, धातु इत्यादिर छोट टुकरा; कागजेर जे छोट टुकरा कोथाओ सांटिया देओया हय	small piece stuck on to anything; lable, poster.
चिबुक	पुं.	ठोड़ी।	চিবুক, থুতনি	चिबुक, थुतनि	chin.
चिमटना	अ.	चिपकना।	আঁটিয়া থাকা, সাঁটিয়া থাকা	आंटिया थाका, सांटिया थाका	to cling to, to embrace, to hold fast.
चिमटा (स्त्री. चिमटी)	वि.	एक औजार जिससे उस स्थान की चीजों को पकड़ कर उठाते हैं जहां हाथ नहीं ले जा सकते।	চিমটা, জলন্ত কয়লা ইত্যাদি ধরার লোহার বা পিতলের যন্ত্রবিশেষ	चिमटा, जलन्त कयला इत्यादि धरार लोहार वा पितलेर जन्त्रबिशेष	tongs, forceps.
चिमटाना	स. क्रि.	आलिंगन करना, गले लगाना	আলিংগন করা, গলাগলি করা	आलिंगन करा, गलागलि करा	to embrace, to hold fast.
चिमटी	स्त्री.	कई प्रकार के कारीगरों के काम का वह छोटा उपकरण जो चिमटे के आकार का होता है और जिससे छोटी-छोटी चीजें उठाते और रखते हैं।	সন্না	सन्ना	tweezer.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चिमनी	स्त्री.	मकान या कारखाने आदि का धुआं बाहर निकालनेवाली विशेष नली, लेंप या लालटेन पर की शीशे की नली।	চিমনি, ধূম নির্গমনের জন্য লোহা ইট ইত্যাদির উচ্চ চোঙা, ল্যাম্পের উপরের কাঁচের চোঙা	चिमनि, धूम निर्गमनेर जन्य लोहा इट इत्यादिर उच्च चोंगा ल्याम्पेर उपरेर कांचेर चोंगा	chimney, funnel.
चिरंजीव	वि.पुं.	—बहुत दिनों तक जीवित रहनेवाला। पुत्र।	চিরঞ্জীব, চিরজীবী, দীর্ঘজীবী, দীর্ঘজীবী	चिरंजीव, चिरजीबी, दीर्घजीवी, दीर्घजीवि	long-lived. son.
	अव्य.	छोटों के लिए एक आशीर्वादात्मक विशेषण या संबोधन जिसका अर्थ होता है—बहुत दिनों तक जीवित रहो।	কনিষ্ঠদের আশীর্বাদসূচক পদ	कनिष्ठदेर आशीर्बादसूचक पद	phrase–may you live long (used as a benediction).
चिरंजीवी	वि.	चिरजीवी।	চিরঞ্জীবী, চিরজীবী	चिरंजीबी, चिरजीबी	long-lived.
चिरंतन	वि.	जो बहुत दिनों से चला आ रहा हो, पुरातन।	চিরন্তন, বহুকাল যাহা চলিয়া আসিতেছে, পুরাতন	चिरन्तन, बहुकाल जाहा चलिया आसितेछे, पुरातन	old, ancient, of long standing, pristine.
चिर	वि.	1. बहुत दिनों तक रहनेवाला;-	চির, দীর্ঘকালবর্তী;	चिर, दीर्घकालबर्ती;	lasting long time, existing from ancient times;
		2. सदा रहनेवाला।	চির নিত্য, নিরবধি, সতত	चिर नित्य, निरबधि, सतत	ever lasting, perpetual.
	क्रि. वि.	बहुत दिनों तक।	দীর্ঘকালব্যাপী	दीर्घकालब्यापी	long, for a long time, long since.
चिरकाल	पुं.	दीर्घकाल।	চিরকাল, দীর্ঘকাল	चिरकाल, दीर्घकाल	long time.
चिरकालिक	वि.	1. बहुत दिनों से चला आता हुआ;	চিরকালিক, দীর্ঘকালস্থিত;	चिरकालिक, दीर्घकालस्थित;	of long standing, old;
		2. बहुत दिनों तक बना रहनेवाला।	চিরকালীন, চিরকালব্যাপী	चिरकालीन, चिरकालब्यापी	long-continued.
चिरकालीन	वि.	दे. 'चिरकालिक'।	দ্রষ্টব্য 'চিরকালিক'	द्रष्टब्य 'चिरकालिक'	see 'चिरकालिक'
चिरजीवी	वि.	1. दीर्घजीवी;	চিরজীবী, দীর্ঘজীবী;	चिरजीबी, दीर्घजीबी;	long lived, blessed with long life;
		2. सदा जीवित रहनेवाला, शाश्वत।	অমর	अमर	everlasting, immortal.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चिरना	अ. क्रि.	1. सीध में कटना;	চেরা, চিরা;	चेरा, चिरा;	to be sawed, to be dissected;
		2. लकीर के रूप में घाव होना।	আঁচড়	आंचड़	to be injured, wounded.
चिरनिद्रा	स्त्री.	मृत्यु।	চিরনিদ্রা, মৃত্যু	चिरनिद्रा, मृत्यु	eternal sleep.
चिर-परिचित	वि.	जिससे बहुत दिनों से जान पहचान हो।	চিরপরিচিত, দীর্ঘকালের চেনা	चिरपरिचित, दीर्घकालेर चेना	long-known, long-acquainted.
चिररोगी	वि.	जो बहुत दिनों से बीमार चला आ रहा हो।	চিররোগী, চিররুগ্ন	चिररोगी, चिररुग्न	chronic patient.
चिरवाई	स्त्री.	चिरवाने का काम, भाव या मज़दूरी।	চিরানোর কাজ বা মজুরী	चिरानोर काज बा मजुरी	act of sawing or tearing, price paid for having wood split or sawed.
चिरवाना	स. क्रि.	चीरने का काम दूसरे से करवाना।	চিরানো	चिरानो	to cause to be torn, cut or sawn.
चिरशांति	स्त्री.	1. सदा बनी रहनेवाली शांति; 2. मुक्ति।	চিরশান্তি, চিরস্থায়ী শান্তি; মুক্তি	चिरशान्ति, चिरस्थायी शान्ति; मुक्ति	perpetual peace, lasting peace; salvation.
चिरस्थायी	वि.	बहुत दिनों तक बना रहनेवाला।	চিরস্থায়ী, যাহা চিরকাল থাকে, দীর্ঘকাল স্থিতিশীল	चिरस्थायी, जाहा चिरकाल थाके, दीर्घकाल, स्थितिशील	ever continuing or enduring, lasting, abiding.
चिरस्मरणीय	वि.	बहुत दिनों तक याद रखने योग्य।	চিরস্মরণীয় দীর্ঘকাল, স্মরণার্থ	चिरस्मरनीय, दीर्घकाल स्मरनार्थ	memorable, worth remembering (for a long time).
चिराई	स्त्री.	(लकड़ी) चीरने का भाव, क्रिया या मज़दूरी।	চিরাই, চেরাই	चिराइ चेराइ	sawing, tearing, splitting (wood), wages paid for tearing or sawing (wood).
चिराग	पुं.	दीपक, दीया।	চিরাগ, চেরাগ	चिराग, चेराग	lamp, light.
चिरायंध	स्त्री.	वह दुर्गंध जो चरबी, चमड़े, बाल, मांस आदि के जलने से फैलती है।	চর্বি, চামড়া, চুল, মাংস ইত্যাদি পুড়িলে যে দুর্গন্ধ বাহির হয়	चर्बि, चामड़ा, चुल मांस इत्यादि पुड़िले जे दुर्गन्ध बाहिर हय	the smell of burning leather, fat or hair etc.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चिरायता	पुं.	एक कड़वा पौधा जो दवा के काम में आता है।	চিরতা	चिरता	warmwood, the plant Geutiana charetta which is used in medicine.
चिरायु	वि.	जिसकी आयु लंबी हो।	চিরায়ু, দীর্ঘজীবী	चिराय्, दीर्घजीवी	long-lived, blessed with long life.
चिराव	पुं.	1. चीरने की अवस्था, क्रिया या भाव; 2. चिरने के कारण होनेवाला घाव।	চিরাই, চেরাই; কাটা-ঘা	चिराइ, चेराइ; काटा-घा	sawing, splitting; slit, rent, fissure, cleft.
चिरौंजी	स्त्री.	प्रियाल वृक्ष के फलों के बीज की गिरी जिसकी गिनती मेवों में होती है।	পিয়াল গাছের ফলের বীজের শাঁস, পাতা বাদাম	पियाल गाछेर फलेर बीजेर शांस, पाता बादाम	chironjia, sapida.
चिरौरी	स्त्री.	दीनतापूर्वक की जानेवाली प्रार्थना या विनती।	বিনীত অনুরোধ, কাতর প্রার্থনা	बिनीत अनुरोध, कातर प्रार्थना	supplication, entreaty, request.
चिलकना	अ. क्रि.	1. रह-रहकर चमकना; 2. रह-रहकर दर्द उठना।	চিক্ চিক্ করা; ঝিক্ মিক্ করা; থাকিয়া থাকিয়া মনে বেদনা হওয়া	चिक् चिक् करा, झिक् मिक् करा; थाकिया थाकिया मन बेदना हओया	to shine, sparkle, glitter; to have an intermittent smarting pain.
चिलगोजा	पुं.	एक प्रकार का मेवा।	এক প্রকার শুষ্ক ফল	एक प्रकार शुष्क फल	nut of the pine tree.
चिलचिलाना	अ. क्रि.	चिलकना।	দ্রষ্টব্য "চিলকনা"	द्रष्टव्य "चिलकना"	to be very hot (as the sun), to shine scorchingly.
चिलबिला	वि.	चंचल, शरारती।	চঞ্চল, চুলবুলে দুরন্ত	चंचल, चुलबुले, दुरन्त	restless, fidgety, naughty, mischievous.
चिलम	स्त्री.	कटोरी के आकार का नलीदार मिट्टी का एक बरतन जिसमें तमाकू और आग रख कर हुक्के के ऊपर लगाया जाता है।	ছিলিম	छिलिम	an earthen vessel on the tip of a hubble-bubble for containing tobacco and fire.
चिलमन	पुं.	बांस की फट्टियों का परदा, चिक।	চিলম্‌চি হাতমুখ চিক	चिलम्‌चि, हातमुख चिक	a curtain of split bamboo sticks.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चिल्ल-पों	स्त्री.	शोरगुल।	চেঁচামেচি, শোরগোল	चेंचामेचि, शोरगोल	hue and cry, shout, clamour.
चिल्लाना	अ. क्रि.	जोर से बोलना, चीखना।	চেঁচানো	चेंचानो	to cry or shout, to squeal.
चिल्लाहट	स्त्री.	चिल्लाने की क्रिया या भाव।	চেঁচানি	चेंचानि	cry, scream, noise, clamour.
चिहुंकना	अ. क्रि.	चौंकना।	চমকানো	चमकानो	to be startled, to be roused (from sleep).
चिह्न	पुं.	1. वह लक्षण जिससे किसी चीज़ की पहचान हो;	চিহ্ন, নিদর্শন, লক্ষণ;	चिह्न, निदर्शन, लक्षन;	sign, symptom;
		2. दाग, धब्बा।	দাগ	दाग	mark, spot, scar, stain.
चिह्नित	वि.	पहचान के लिए जिस पर चिह्न लगाया गया हो।	চিহ্নিত, চিহ্নযুক্ত	चिहिनत चिहनजुक्त	marked, signed, branded.
चीं-चपड़	स्त्री.	वह प्रतिवाद या विरोध जो किसी बड़े या सबल के सामने किया जाए।	গজ্‌গজ্‌ গজরগজর	गज़्गज़् गजरगजर	impudent talk, jabber, chatter.
चींटा	पुं.	चिऊंटी से मिलता जुलता, पर उससे बड़े आकार का कीड़ा।	ডেয়ে, ডেয়ো	डेये, डेयो	big black ant.
चींटी	स्त्री.	एक छोटा कीड़ा जो मीठे की गंध से उसके पास पहुँच जाता है।	পিঁপড়া, পিঁপড়ে	पिंपड़ा, पिंपड़े	ant.
चीकट	वि.	जिस पर चिकनाई के साथ मैल जमा हो, बहुत मैला।	তেলচিটে	तेलचिटे	greasy and black or dirty (as cloth) etc.
तीसरा	वि.	1. क्रम में तीन के स्थान पर पड़ने वाला;	তৃতীয়;	तृतीय;	third;
		2. जिसका प्रस्तुत विषय या दो पक्षों में से किसी एक से भी कोई संबंध न हो।	তৃতীয় পক্ষ	तृतीय पक्ष	a third (person or party), an arbitrator.
तीसी	स्त्री.	1. अलसी नाम का पौधा और उसके बीज;	তিসি;	तिसि;	linseed;
		2. वस्तुएं गिनने का एक नाम जिसका सैंकड़ा तीस पंचकों का अर्थात् 150 का होता है।	ফল ইত্যাদি গণনার এক পদ্ধতি, ইহাতে ত্রিশ ত্রিশ করিয়া পাঁচ বার গনিয়া মোট ১৫০ গণা হয়	फल इत्यादि गननार एक पद्धति ,इहाते त्रिश त्रिश करिया पांच बार गनिया मोट 150 गना हय	a measure of counting things prevalent in some parts of India with 30 groups of 5 each making a total of 150, but treated as equivalent to 100.
तुंग	वि.	बहुत ऊंचा, उन्नत।	তুংগ, উচ্চ, উন্নত	तुंग, उच्च, उन्नत	high, elevated, lofty, tall.
तुंबा	पुं.	1. सुखाए हुए कड़ुए कद्दू को बीच में से काट कर बनाया हुआ कटोरे के आकार का पात्र;	লাউয়ের শুষ্ক খোল–এটি জলাদির পাত্র হিসাবে ব্যবহার করা হয়;	लाउयेर शुष्क खोल–एटि जलादिर पात्र हिसाबे ब्यबहार करा हय;	hollowed gourd (in which mendicants carry water etc.);
		2. गोल कड़ुआ कद्दू या घीया।	তিত ঘটি-লাউ	तित घटि-लाउ	the gourd, lagenaria Vulgaris.
तुंबी	स्त्री.	1. छोटी कड़ुई लौकी;	সরু লম্বা তিত লাউ;	सरु लम्बा तित लाउ;	long white gourd, lagenaria vulgaris;
		2. इसका बना हुआ छोटा पात्र।	উক্ত লাউয়ের খোলের ছোট পাত্র	उक्त लाउयेर खोलेर छोट पात्र	small, hollow gourd used as a pot.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तुक	स्त्री.	1. किसी छंद के चरणों के अन्तिम अक्षरों का मेल, अंत्यानुप्रास;	अन्त्यानुप्रास, मित्राक्षर छन्द;	अन्त्यानुप्रास, मित्राक्षर छन्द;	rhyme;
		2. सामंजस्य;	सामञ्जस्य, संगति;	सामंजस्य, संगति;	harmony, co-ordination;
		3. औचित्य।	औचित्य	औचित्य	propriety, suitability.
तुकबंदी	स्त्री.	1. तुक मिलाने की क्रिया;	मित्राक्षर पद्य रचना;	मित्राक्षर पद्य रचना;	forming rhymes, making verses;
		2. साधारण पद्यरचना;	साधारण पद्य रचना;	साधारन पद्य रचना;	banal versification;
		3. भद्दी कविता।	वाजे कविता	बाजे कबिता	shoddy poem, bad poetry.
तुकांत	वि.	जिस (कविता) के चरणों के अंत में तुक हो, तुकयुक्त, अंत्यानुप्रासयुक्त।	ये कविताय दुई चरणेर शेष अक्षरेर मिल आछे	जे कविताय दुइ चरनेर शेष अक्षरेर मिल आछे	having terminal alliteration.
तुकड़	पुं.	केवल तुक जोडने वाला, साधारण पद्य रचने वाला।	ये शुधुमात्र छन्द मिलाय	जे शुधुमात्र छन्द मिलाय	mere versifier, poetaster.
तुक्का	पुं.	1. बिना फल का वाण;	ये तीरेर फला नाई;	जे तीरेर फला नाइ;	arrow without a head;
		2. ऐसा प्रयत्न जिसकी सफलता संदिग्ध हो;	संदिग्ध प्रयत्न;	संदिग्ध प्रजत्न;	unsure or failing means, a vain bid;
		3. अटकल पच्चू।	निछक आन्दाज, आन्दाजे ढिल मारा	निछक आन्दाज, आन्दाजे ढिल मारा	mere conjecture, random guess.
तुच्छ	वि.	1. महत्व, मान या मूल्य से रहित, क्षुद्र, हीन, नगण्य;	तुच्छ, अकिञ्चित्कर, तुच्छ, अकिञ्चित्कर; हीन, नगण्य;	तुच्छ, अकिंचित्कर, तुच्छ, अकिञ्चित्कर, हीन, नगन्य;	petty, worthless, nsignificant, contemptible;
		2. अल्प, थोड़ा;	अल्प;	अल्प;	small, little, trivial;
		3. साररहित।	साररहित	साररहित	empty, void, vain.
तुच्छता	स्त्री.	तुच्छ होने की अवस्था या भाव।	हीनता, अल्पता, शून्यता, निरर्थकता	हीनता, अल्पता, शून्यता, निरर्थकता	pettiness, worthlessness, despicableness, insignifcance.
तुझ	सर्व.	तू का वह रूप जो उसे कर्ता तथा संबंध कारक के अतिरिक्त अन्य कारकों में प्रयक्त होने के पहले प्राप्त होता है।	प्रथमा एवं षष्ठी भिन्न अन्य विभक्तियुक्त हओयार समये तु-शब्द तुझ हइया याय	प्रथमा एबं षष्ठी भिन्न अन्य बिभक्तिजुक्त हओयार समय तु-शब्द तझ हइया जाय	oblique form of 'तू'.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तुझे	सर्व	तू का कर्ण और संप्रदान कारक का रूप, तुझको।	तोके	तोके	to/for thee.
तुड़ाना	स.क्रि.	1. तोड़ने का काम कराना, तुड़वाना;	तुड़ानो, अन्येर द्वारा भंग करा;	तुड़ानो, अन्येर द्वारा भंग करा;	to cause to break;
		2. बंधन तोड़ना;	अन्येर द्वारा बन्धन छिन्न करा;	अन्येर द्वारा बन्धन छिन्न करा;	to break, rend, tear;
		3. बड़े सिक्के या नोट को छोटे नोटों या सिक्कों मे परिवर्तित कराना, भुनाना।	टाका नोट ইত্যাদি ভাঙানো	टाका नोट इत्यादि भाडानो	to change(a coin or currency note into smaller ones).
तुतलाना	क्रि.	बोलने में शब्द का मुंह से रुक-रुक कर तथा अस्पष्ट रूप से निकलना।	তোৎলানো, তোৎলামি করা	तोत्लानो, तोत्लामि करा	to lisp, to stutter (in speaking).
तुनकमिजाज	वि.	बात-बात पर रुष्ट होने वाला, चिड़चिड़ा।	খিট্‌খিটে, বদমেজাজী	खिट्खिटे, बदमेजाजी	fretful, peevish, touchy, irritable.
तुम	सर्व.	'तू' का बहुवचन रूप जिसका व्यवहार संबोधित व्यक्ति के लिए होता है तथा जो वक्ता की तुलना में छोटा या बराबरी का होता है।	তুমি	तुझि	you (non-honorific).
तुमुल	वि.	बहुत उत्कट, तीव्र या घोर, प्रचंड।	তুমুল, তীব্র, ঘোরতর, প্রচন্ড	तुमुल, तीव्र, घोरतर, प्रचन्ड	tumultuous, noisy, fierce, raging.
तुम्हारा	सर्व.	'तुम' का संबंध कारक का रूप।	তোমার	तोमार	the gen-masc. of the pron. तुम , of you, your, yours.
तुम्हीं	सर्व.	तुम के साथ ही के योग से बना हुआ रूप, तुमही ।	তুমিই	तुमिइ	you alone, you only.
तुरंग (तुरग)	पुं.	घोड़ा।	তুরংগ, ঘোড়া	तुरंग, घोड़ा	horse.
तुरंत	क्रिवि.	ठीक इसी समय, चटपट, तत्काल।	তুরন্ত, তক্ষণি, চট্‌পট্, তাড়াতাড়ি, অতি সত্বর	तुरन्त, तक्षनि, चट्पट्, ताड़ाताड़ि, अति सत्वर	at once, quickly, forthwith, instantly, soon.
तुरत	वि.	दे. तुरंत।	দ্রষ্টব্য "তুরন্ত"	द्रष्टव्य "तुरन्त"	at once, quickly, forthwith, instantly, soon.
तुरपन	स्त्री.	एक तरह की हाथ की सिलाई।	এক রকমের হাতে-সেলাই, হাতে হেমিং	एक रकमेर हाते-सेलाइ, हाते हेमिंग	hand-stiching.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तुरपना	क्रि.	सूई धागे से बड़े-बड़े टांके लगाना या सीना।	हाते हेमिंग करा	हाते हेमिंग करा	to stitch in a particular manner.
तुरही	स्त्री.	फूंककर बजाया जाने वाला एक पतले मुंह का बाजा।	तूरि, तूरी, शिंगारेर मतो वाद्ययन्त्रविशेष	तुरि, तूरी, शिंगारेर मतो बाद्यजन्त्रबिशेष	trumpet, clarion.
तुरुप (तुरप)	पुं.	ताश के खेलों में वह रंग जो प्रधान मान लिया जाता है तथा जिसका छोटे से छोटा पत्ता दूसरे रंग के बड़े से बड़े पत्ते को काट या मार सकता है।	तूरुप, तासखेलाय रङेर तास दिया पिठे लओया	तुरुप, तासखेलाय रंगेर तास दिया पिठ लओया	trump.
तुरा	पुं.	1. जुल्फ;	जुल्फि;	जुल्फि;	forelock;
		2. पक्षियों की शिखा, कलगी;	पाखीर माथार झुँटि;	पाखीर माथार झुटि;	plume of feathers, crest, nosegay;
		3. पगड़ी, टोपी आदि में लगा हुआ पर, फूलों का गुच्छा आदि, कलगी;	पागड़ी, कलगी;	पागड़ी, कलगी;	an ornament worn in the turban, an ornamental tassel;
		4. विलक्षण विशेषता।	विलक्षण विशेषत्व	बिलक्षन बिशेषत्व	(fig.) the best or cream.
तुलनपत्र	पुं.	आय-व्यय का वह लेखा जिसमें किसी निश्चित अवधि तक का यह विवरण रहता है कि किन मदों में कितनी आय और कितना व्यय हुआ तथा अंत में देने या पावने के खाते में कितना धन शेष है।	उद्वर्तपत्र, बेलान्स् सीट	उद्बर्तपत्र, बेलान्स सीट्	balance sheet.
तुलना	स.क्रि.	1. तोला जाना, मापित होना;	ओजन हओया;	ओजन हओया;	to be weighed;
		2. तौल या माप में समान होना;	ओजने समान हओया;	ओजने समान हओया;	to be balanced;
		3. सन्नद्ध, कटिबद्ध, उतारू होना।	सन्नद्ध हओया	सन्नद्ध हओया	to be drawn up in array (as one army against another).
	स्त्री.	न्यूनाधिक का विचार, तारतम्य, बराबरी।	तुलना, सादृश्य-निरूपण	तुलना, सादृश्य-निरूपन	comparison.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तुलनात्मक	वि.	जिसमें दो या कई वस्तुओं, व्यक्तियों आदि की परस्पर की तुलना की गई हो अर्थात् समानता-असमानता, गुण-दोष आदि के तारतम्य का विवेचन किया गया हो, तुलनायुक्त।	तुलनात्मक, तुलनामूलक	तुलनात्मक, तुलनामूलक	comparative.
तुलनीय	वि.	तुलना किए जाने के योग्य, जिसकी या जिससे तुलना की जा सके।	तुलनीय, तुलनार योग्य	तुलनीय, तुलनार जोग्य	worthy of comparison, comparable.
तुलवाई	स्त्री.	तोलवाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	ওজন করানো বা তার মজুরী	ओजन करानो बा तार मजुरी	the act of weighing or the price paid for having (a thing) weighed.
तुलवाना (तुलाना)	स.क्रि.	किसी को कुछ तौलने में प्रवृत्त करना, तौलाना।	ওজন করানো	ओजन करानो	to have (a thing) weighed, etc.
तुलसी	स्त्री.	1. एक प्रसिद्ध पौधा, पत्ते या उसके बीज जो बहुत पवित्र माने गए हैं; 2. गोस्वामी तुलसीदास (हिंदी के प्रसिद्ध कवि)।	তুলসী, হিন্দুদের কাছে পবিত্র গাছ বিশেষ; গোস্বামী তুলসীদাস (হিন্দীর খ্যাতনামা কবি)	तुलसी, हिन्दुदेर काछे पबित्र गाछ बिशेष; गोस्वामी तुलसीदास (हिन्दीर ख्यातनामा कबि)	the shrub plant or seeds of holy basil, ocymum sanctum; the renowned medieval Hindi poet Goswami Tulsi Dass.
तुला	स्त्री.	1. तराजू, कांटा; 2. ज्योतिष की बारह राशियों में से सातवीं राशि।	তুলা, দাড়িপাল্লা, নিক্তি; জ্যোতিষে রাশি বিশেষ	तुला, दाड़िपाल्ला, निक्ति; ज्योतिषे राशि बिशेष	balance or scale, pair of scales; libra, the seventh sign of the Zodiac.
तुलाई	स्त्री.	तौलने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	তৌলক্রিয়া বা তার মজুরী	तौलक्रिया बा तार मजुरी	the act of weighing or the price paid for having (a thing) weighed.
तुलादान	पुं.	अपने शरीर के भार के बराबर तौल कर दिया जाने वाला अन्न, द्रव्य आदि का दान।	তুলাদান, দাতার ওজনের সমান স্বর্ণরৌপ্যাদি দান	तुलादान, दातार ओजनेर समान स्वर्नरौप्यादि दान	the gift to a Brahman of as much gold, silver, etc. as equals the weight of the body.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तुल्य	वि.	1. समान, बराबर; 2. अनुरूप, सदृश।	তুল্য, সমান; অনুরূপ, সদৃশ	तुल्य, समान; अनुरूप, सदृश	equal (to); resembling, similar, analogous (to).
तुषार	पुं.	हवा में मिली भाप जो जमकर श्वेतकणों के रूप में पृथ्वी पर गिरती है, हिम, पाला।	তুষার, তুহিন, হিম, নীহার, বরফ	तुषार, तुहिन, हिम, नीहार, बरफ	frost, mist.
तुषारपात	पुं.	बरफ का गिरना, पाला पड़ना, हिमपात।	তুষারপাত, বরফপড়া	तुषारपात, बरफपड़ा	snow fall, frost fall.
तुष्ट	वि.	1. तोषयुक्त, तृप्त; 2. प्रसन्न।	তুষ্ট, তোষযুক্ত, তৃপ্ত; আনন্দিত, খুশী	तुष्ट, तोषजुक्त, तृप्त; आनन्दित, खुशी	satisfied, contented; pleased, glad, etc.
तुष्टि	स्त्री.	1. तुष्ट होने की अवस्था। या भाव, तृप्ति; 2. प्रसन्नता।	তুষ্টি, তৃপ্তি, তোষ; প্রসন্নতা	तुष्टि, तृप्ति, तोष; प्रसन्नता	satisfaction, gratification, contentment; pleasure, delight.
तुष्टिकरण		किसी को तुष्ट या प्रसन्न करने की क्रिया या भाव।	তুষ্টিকরণ, তুষ্টকরা	तुष्टिकरन, तुष्टकरा	appeasement, placation.
तुहिन	पुं.	1. तुषार, पाला; 2. बरफ।	তুহিন, হিম; বরফ	तुहिन, हिम; बरफ	mist, dew; frost.
तूंबा	पुं.	दे. 'तुंबा'	দ্রষ্টব্য " তুম্বা"	द्रष्टब्य "तुम्बा"	see 'तुंबा'.
तूंबी	स्त्री.	दे. 'तुंबी',	দ্রষ্টব্য "তুম্বী"	द्रष्टब्य "तुम्बी"	see तुंबी'.
तू	सर्व.	एक सर्वनाम जिसका प्रयोग मध्यम पुरुष एकवचन में ऐसे व्यक्ति के लिए होता है जो अपने से बहुत छोटा, तुच्छ या हीन हो, 'तुम' का एक वचन रूप।	তু, তুই	तु, तुइ	thou (used to imply depreciation or contempt, or by way of familiarity or endearment, or in addressing the deity to imply extreme reverence)
तूणीर	पुं.	बाँण रखने का चोंगा तरकश।	তূণীর, তূণ, বাণাধার	तूनीर, तून, बानाधार	quiver.
तूतिया	पुं.	गंधकाम्ल के योग से बना हुआ तांबे का सार, नीला थोथा।	তুতিয়া, তুতে	तुतिया, तुते	blue vitriol, sulphate of copper.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तूती	स्त्री.	1. बांसुरी या शहनाई की तरह का एक प्रकार का पतला लंबा बाजा;	বাঁশী বা সানাইয়ের মতো বাদ্যযন্ত্রবিশেষ;	बांशी बा सानाइयेर मतो बाद्यजन्त्रबिशेष;	a kind of musical instrument resembling a lute or clarionet.
		2. एक छोटी चिड़िया जिसकी बोली बहुत मीठी होती है।	তোতা, টিয়া	तोता, टिया	a small singing bird, loxia rosea;
तूफान	पुं.	1. आंधी, अंधड़, जिससे हवापानी आदि का भीषण उत्पात हो;	তুফান, প্রবল ঝড়;	तुफान, प्रबल झड़;	storm, tempest, hurricane;
		2. भारी आपत्ति, कहर;	তুফান, বিপত্তি, দুর্যোগ, সঙ্কট;	तुफान, बिपत्ति, दुर्जोग, संकट;	affliction, calamity;
		3. हंगामा, होहल्ला।	হাংগামা, হট্টগোল, গোলযোগ, হল্লা	हांगामा, हट्टगोल, गोलजोग, हल्ला	commotion, noise, riot.
तूफानी	वि.	1. तूफान संबंधी, तूफान का;	তুফান সম্বন্ধী ঝড়ো;	तुफान सम्बन्धी; झड़ो;	of or relating to a storm or tempest, stormy, tempestuous;
		2.(ला.) ऊधमी, उपद्रवी ।	উপদ্রবকারী	उपद्रबकारी	(fig.) riotous, boisterous, violent.
तूल	पुं.	1. लाल रंग का सूती कपड़ा;	লাল রঙের সুতী কাপড়;	लाल रंगेर सुती कापड़;	cotton cloth of red colour;
		2. गाढ़ा लाल रंग;	গাঢ় লাল রং;	गाढ़ लाल रंग;	dark red colour;
		3. लंबाई, विस्तार।	লম্বা, দৈর্ঘ	लम्बा, दैर्घ	length, prolixity.
तूलिका	स्त्री.	चित्र अंकित करने की कूंची।	তুলিকা, তুলি	तुलिका, तुलि	painters' brush.
तृण	पुं.	तिनका, घास।	তৃণ, ঘাস, খড়	तृन, घास, खड़	grass, blade of grass, straw.
तृतीय	वि.	जो क्रमसंख्या, महत्व आदि के विचार से दूसरे के बाद हो, तीसरा।	তৃতীয়, তিন সংখ্যার পূরক দ্বিতীয়ের পরবর্তী	तृतीय, तिन संख्यार पूरक द्वितीयेर परबर्ती	the third.
तृप्त	वि.	संतुष्ट, अघाया हुआ।	তৃপ্ত, তুষ্ট, তৃপ্তিযুক্ত	तृप्त, तुष्ट, तृप्तिजुक्त	satiated, satisfied, contented.
तृप्ति	स्त्री.	आवश्यकता या इच्छा की पूर्ति हो जाने पर होने वाली मानसिक शांति या मिलने वाला आनंद।	তৃপ্তি, তুষ্টি, ভোজনাদি দ্বারা আকাঙ্ক্ষানিবৃত্তি	तृप्ति, तुष्टि, भोजनादि द्वारा आकांक्षानिबृत्ति	satisfaction, satiety.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तृष्णा	स्त्री.	1. प्यास;	তৃষ্ণা, পিপাসা;	तृष्णा, पिपासा;	thirst;
		2. विशेष इच्छा या कामना।	আকাঙ্ক্ষা, স্পৃহা	आकांक्षा, स्पृहा	strong desire, eagerness, longing.
तैंतालीस (तितालीस)	वि.	चालीस और तीन।	তেতাল্লিশ	तेताल्लिश	(the number) forty-three.
तेंतीस	वि.	तीस और तीन।	তেত্রিশ	तेत्रिश	(the number) thirty-three.
तेंदुआ	पुं.	चीते की जाति का एक हिंसक जंतु जो प्रायः पीलापन लिए भूरा सा होता है और उसकी देह पर काले-काले गोल धब्बे या चित्तियां होती हैं।	চিতা বাঘ	चिता बाघ	leopard.
तेईस	वि.	बीस और तीन।	তেইশ	तेइश	(the number) twenty three.
तेग (तेगा)	स्त्री.	तलवार, खड्ग।	তেগা, অসি, খড়্গ	तेगा, असि, खड्ग	sword, scimitar,
तेज	पुं.	1. दीप्ति;	তেজ, তেজঃ, দীপ্ত;	तेज, तेजः, दीप्त;	splendour, glory, refulgence;
		2. प्रताप;	বিক্রম, প্রভাব;	बिक्रम, प्रभाब;	awe, strength, power;
		3. पंचमहाभूतों में से अग्नि नामक महाभूत;	তৃতীয় মহাভূত অগ্নি;	तृतीय महाभूत अग्नि;	fire;
		4. गरमी, ताप।	তাপ	ताप	heat, ardour.
	वि.	1. तीक्ष्ण या पैनी धारवाला;	তীক্ষ্ণ, ধারাল;	तीक्ष्न, धाराल;	sharp, acute;
		2. द्रुतगामी, वेगवान;	দ্রুতগামী, বেগবান্;	द्रुतगामी, बेगबान्;	fast;
		3. प्रखर, प्रचंड, विकट;	তেজস্বী, প্রচন্ড;	तेजस्बी, प्रचन्ड;	violent, fiery;
		4. तीखे स्वाद का;	ঝাঁঝাল;	झांझाल;	pungent, acrid;
		5. फुर्तीला;	চটপটে;	चटपटे;	swift, quick;
		6. तीक्षण बुद्धिवाला;	তীক্ষ্ণবুদ্ধি;	तीक्ष्नबुद्धि;	smart, intelligent, quick-witted;
		7. शीघ्र प्रभाव उत्पन्न करने वाला;	তেজী;	तेजी;	effective, efficacious (as medicine);
		8. महंगा।	দামী	दामी	dear, costly.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तेजपात (तेजपत्ता)	पुं.	दालचीनी की जाति का एक पेड़ तथा उसका पत्ता जो मसाले और दवा के काम आता है।	তেজপাত, তেজপাতা	तेजपात, तेजपाता	leaf of the Laurus cassia.
तेजवान	वि.	1. तेज से युक्त, तेजस्वी 2. प्रतापी।	তেজোবান্, তেজস্বী; বলবান	तेजोबान, तेजस्बी; बलबान	luminous, refulgent, brilliant; impressive, majestic, glorious.
तेजस्विता	स्त्री.	तेजस्वी होने की अवस्था, गुण या भाव।	তেজস্বিতা, তেজোযুক্ততা	तेजस्बिता, तेजोजुक्तता	brilliance, luminosity, glow, impressiveness, imposingness.
तेजस्वी	वि.	1. जिसमें यथेष्ट तेज हो, दीप्तिमान; 2. जिसके बल, बुद्धि, वैभव आदि का दूसरों पर यथेष्ट प्रभाव पड़ता हो, प्रभावशाली; 3. प्रतापी।	তেজস্বী, তেজোযুক্ত, দীপ্ত; প্রভাবশালী; প্রবল	तेजस्बी, तेजोजुक्त, दीप्त; प्रभाबशाली; प्रबल	brilliant, splendid, bright; inspiring respect, dignified, noble; powerful.
तेजाब	पुं.	एक तरह का रासायनिक खट्टा पदार्थ जो जल में घुलनशील होता है और दूसरी वस्तुओं को गला सकता है, अम्ल।	এসিড, অম্ল	एसिड, अम्ल	acid.
तेजी	स्त्री.	तेज होने की अवस्था, गुण, क्रिया या भाव।	তীক্ষ্ণতা, গতি, মহার্ঘতা, শীঘ্রতা, ইত্যাদি	तीक्ष्नता, गति, महार्घता, शीघ्रता, इत्यादि	sharpness, haste, quickness, pungency.
तेरस	स्त्री.	चंद्रमास के किसी पक्ष की तेरहवीं तिथि, त्रयोदशी।	ত্রয়োদশী	त्रयोदशी	the thirteenth day of the lunar fortnight.
तेरह	वि.	दस और तीन।	তের	तेर	thirteen.
तेरही	स्त्री.	मरने की तिथि से तेरहवीं तिथि जिस दिन पिंडदान आदि करा कर मृतक के संबंधी शुद्ध होते हैं।	মৃত্যুর পর ত্রয়োদশ দিবসে পিন্ডদানাদি অন্ত্যেষ্টিক্রিয়া	मृत्युर पर त्रयोदश दिबसे पिन्डदानादि अन्त्येष्टिक्रिया	the thirteenth day after death when the relatives of the deceased perform the rituals signifying the end of the postmortem rituals.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तेरा	सर्व.	'तू' का संबंध कारक रूप, मध्यम पुरुष एकवचन सबंध कारक का सूचक सर्वनाम।	তোর	तोर	thy, thine.
तेल	पुं.	1. तिलहन के बीजों या कुछ विशिष्ट वनस्पतियों को पेरकर निकाला जाने वाला स्निग्ध तरल पदार्थ;	তেল, তিলসর্ষপাদির স্নেহময় পদার্থ;	तेल, तिलसर्षपादिर स्नेहमय पदार्थ;	expressed oil (prepared from sesamum, mustard-seed etc);
		2. वरवधू को विवाह मे पूर्व हल्दी मिला हुआ तेल लगाने की एक रीति;	গায়ে হলুদ;	गाये हलुद;	ceremony of pre-marital anointment;
		3. पशुओं के शरीर मे निकलने वाली पतली चर्बी;	তেল, চর্বি, প্রাণিদেহস্থ তৈলবৎ পদার্থ;	तेल, चर्बि, प्रानिदेहस्थ तैलबत् पदार्थ;	fat, tallow;
		4. कुछ विशिष्ट प्रकार के खनिज द्रव्य पदार्थ जो सहज में जल सकते हैं।	পেট্রল	पेट्रल	petrol.
तेलिन	स्त्री.	तेली की या तेली जाति की स्त्री।	তেলিনী	तेलिनी	a woman of the teli caste or a woman who prepares oil, the wife of **teli.**
तेलिया	वि.	1. तेल की तरह चिकना और चमकीला;	তেলা, তৈলাক্ত দ্রব্যের ন্যায় মসৃন;	तेला, तैलाक्त द्रव्येर न्याय मसृन;	oily, unctuous;
		2. तेल की तरह हलके काले रंग वाला।	তেল কুচকুচে	तेल कुचकुचे	dark, deep (colour).
तेली	पुं.	तेल पेरने और बेचने का पेशा करने वाली एक जाति।	তেলি, তৈলবিক্রেতা জাতিবিশেষ	तेलि, तैलबिक्रेता जातिबिशेष	oilman, a caste whose business is to make or to sell oil.
तेवर	पुं.	1. किसी विशिष्ट उद्देश्य या भाव से किसी की ओर या किसी पर डाली जाने वाली दृशिष्ट, त्यौरी;	ভ্রূকুটি, ক্রুদ্ধদৃষ্টি;	भ्रूकुटि, क्रुद्धदृष्टि;	angry look, frown;
		2. भौंह, भृकुटी।	ভ্রূ, ভ্রুরু	भ्रू, भुरु	eyebrow.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तेहरा (तिहरा)	वि.	1. तीन परत किया हुआ, तीन तहों का;	তাহারা তিন ভাগে বিভক্ত, তেপরতা;	ताहारा तिन भागे, बिभक्त, तेपरता;	threefold;
		2. जो एक साथ तीन हों, जिसकी तीन प्रतियां एक साथ हों।	ত্রিধা, তিন প্রতিলিপিযুক্ত	त्रिधा, तिन, प्रतिलिपिजुक्त	triplicate etc.
तैनात	वि.	किसी काम के लिए नियत या नियुक्त किया हुआ, मुकर्रर।	নিযুক্ত	निजुक्त	appointed, posted.
तैनाती	स्त्री.	तैनात करने की क्रिया, अवस्था या भाव, मुकर्ररी।	নিয়োগ	नियोग	appointment, posting, deployment.
तैयार	वि.	1. कुछ करने के लिए हर तरह से उद्यत, तत्पर, कटिबद्ध;	তৈয়ার, প্রস্তুত;	तैयार, प्रस्तुत;	willing, prepared;
		2. जो पक कर खाने योग्य हो गया हो;	পরিপক্ক;	परिपक्क;	ready to eat;
		3. जो बन कर बिलकुल ठीक और हर प्रकार से दुरुस्त हो गया हो;	সম্পূর্ণ নির্মিত;	सम्पूर्न, निर्मित;	finished, completed;
		4. उपस्थित, प्रस्तुत मौजूद;	প্রস্তুত;	प्रस्तुत;	present;
		5. हृष्टपृष्ट, मोटाताजा।	হৃষ্টপুষ্ট	हृष्टपुष्ट	robust, healthy.
तैयारी	स्त्री.	1. तैयार होने की अवस्था, क्रिया या भाव;	তৈয়ারী, প্রস্তুতি;	तैयारी, प्रस्तुति;	the state of being prepared, preparation;
		2. तत्परता, मुस्तैदी;	তৎপরতা,	तत्परता;	preparedness, readiness;
		3. सजधज, सजावट।	সাজগোজ, সাজসজ্জা	साजगोज, साजसज्जा	arrangement, show.
तैरना	अ.क्रि.	1. किसी जीव का हाथ-पैर आदि चलाते हुए पानी में इस प्रकार चलना या आगे बढ़ना कि वह डूब न जाए;	সাঁতার কাটা;	सांतार कांटा;	to swim;
		2. पानी के ऊपर-ऊपर फिरना।	জলে ভাসা	जले भासा	to float.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तैराई	स्त्री.	1. तैरने की क्रिया या भाव; 2. तैरने या तैराने के बदले मिलनेवाला पारिश्रमिक।	साँतार; साँतार काटार जन्य अथवा अन्यके साँतार शेखानोर जन्य पारिश्रमिक	सांतार; सांतार काटार जन्य अथवा अन्यके सांतार शेखानोर जन्य पारिश्रमिक	swimming; wages paid for swimming or causing one to swim.
तैराक	पुं.	वह व्यक्ति जो अच्छी तरह तैरना जानता हो।	साँतारू	सांतारु	swimmer.
तैराकी	स्त्री.	1. तैरने की क्रिया या भाव; 2. वह उत्सव या मेला जिसमें तैरने की कलाओं, जल-क्रीड़ाओं का प्रदर्शन या प्रतियोगिता हो।	साँतार; सन्तरण-कौशल प्रदर्शन, सन्तरण प्रतियोगिता	सांतार; सन्तरन-कौशल प्रदर्शन, सन्तरन प्रतिजोगिता	the act of swimming; exhibition of swimming-feats.
तैराना	स.क्रि.	दूसरे को तैरने में प्रवृत्त करना।	साँतार देओयानो	सांतार देओयानो	to cause (one) to swim.
तैलचित्र	पुं.	तेल के योगवाले रंग से बना हुआ चित्र।	तैलचित्र, अयेल पेइन्टिंग	तैलचित्र, अयेल पेइटिंग	oil painting.
तैश	पुं.	आवेशपूर्ण क्रोध।	क्रोधावेग	क्रोधाबेग	rage, wrath.
तैसा	क्रि. वि.	उस आकार-प्रकार, रूप-गुण आदि का, उस जैसा, वैसा।	ऐ प्रकारे, ऐरूपे, ऐटि येमन तेमनभावे	ऐ प्रकारे, ऐरूपे, ऐटि जेमन तेमनभावे	in that manner, in like manner, so.
तोंद	स्त्री.	वक्ष से अधिक फूला या बढ़ा हुआ पेट।	ভুঁড়ি	भुँड़ि	protuberant belly, pot-belly, paunch.
तो	अव्य.	1. तब, उस स्थिति में; 2. इसलिए, लिहाजा; 3. एक अव्यय जिसका प्रयोग किसी शब्द या बात पर जोर देने के लिए अथवा योंही किया जाता है।	तखन, सेई अवस्थाय; एई कारणे, वास्तविक पक्षे; त, निश्चयता वा विश्वाससूचक	तखन सेइ अबस्थाय; एइ कारने, बास्तबिक पक्षे; त, निश्चयता बा बिश्बाससूचक	then, in that case, at that time; indeed, actually, in point of fact; therefore, moreover.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तोड़	पुं.	1. तोड़ने या तोड़े जाने की क्रिया या भाव;	भांगार काज, भग्न हओया;	भांगार काज, भग्न हओया;	breaking, breach, fracture, rupture;
		2. कोई ऐसा काम, चीज या बात जो दूसरे काम, चीज़ या बात के प्रभाव को नष्ट या व्यर्थ कर सकता हो, प्रभावनाशक;	प्रतिषेधक व्यवस्था प्रभावनष्टकारी वस्तु वा कार्य;	प्रतिषेधक व्यवस्था प्रभावनष्टकारी वस्तु वा कार्ज;	antidote, countermeasure;
		3. दही का पानी।	जलकाटा दइयेर जल	जलकाटा दइयेर जल	curd-water.
तोड़ना	स.क्रि	1. आघात द्वारा किसी वस्तु को छोटे-छोटे खंडों में विभक्त करना;	भांगा, आघात दिया टुकरा टुकरा करा;	भांगा, आघात दिया टुकरा टुकरा करा;	to break, to tear, to rend;
		2. किसी वस्तु को ऐसा खंडित या नष्ट करना कि वह काम में आने योग्य न रह जाए;	भांगिया खान खान करा;	भांगिया खान खान करा;	to destroy, to demolish, to ruin;
		3. किसी वस्तु के अंग को या उससे लगी हुई दूसरी वस्तु को नोचकर या अन्य प्रकार से आधार से पृथक् करना;	तोला, उत्पाटन करा, छिंड़ा;	तोला, उत्पाटन करा छिंड़ा;	to pluck or gather (fruit etc.);
		4. किसी वस्तु का कोई अंग खंडित या बेकाम करना;	भांगिया देओया;	भाङ्गिया देओया;	to fracture;
		5. किसी नियम, निश्चय आदि को रद्द करना या कायम न रखना;	नियम, प्रतिज्ञा भंग करा;	नियम प्रतिज्ञा भंग करा;	to violate (a vow or law etc);
		6. किसी संस्था या कारबार आदि को सदा के लिए बंद करना;	कोनो प्रतिष्ठान एकेबारे बन्ध करिया देओया;	कोनो प्रतिष्ठान एकेबारे बन्ध करिया देओया;	to wind up or to liquidate (an institution etc.);
		7. बल, प्रभाव आदि घटाना या नष्ट करना;	शक्ति, प्रभात इत्यादि ह्रास करा;	शक्ति, प्रभात इत्यादि ह्रास करा;	to disband;
		8. आगे के लिए न निभाना;	शेष पर्यन्त कथा ना राखा;	शेष पर्जन्त कथा ना राखा;	to sever, to sunder (a tie, or friendship, etc.);
		9. बड़े सिक्कों या नोट को छोटे सिक्कों या नोटों में परिवर्तित कराना, भुनाना।	टाका इत्यादि भांगानो	टाका इत्यादि भांगानो	to change (money).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तोड़फोड़	स्त्री.	1. तोड़ने और फोड़ने की क्रिया या भाव;	भाङ्चुर;	भांगचुर;	breaking and smashing;
		2. जानबूझ कर हानि पहुंचाने के उद्देश्य से किसी भवन या रचना के कुछ अंशों को खंडित करना।	जानिया शुनिया अंशतः ध्वंसकरण वा विध्वस्तकरण	जानिया शुनिया अंशतः ध्वंशकरन बा बिध्वस्तकरन	sabotage, destruction, breakage.
तोड़ा	पुं.	1. किसी चीज़ को तोड़ कर उसमें से अलग किया या निकाला हुआ, अंश, खंड, टुकड़ा;	अंश, खन्ड, टुकरा;	अंश, खन्ड, टुकरा;	piece, a bit;
		2. घाटा, टोटा;	घाटति, कमी;	घाटति, कमी;	scarcity, deficiency;
		3. संगीत और नृत्य का एक हिस्सा;	सংগীত ও নৃত্যের অংশ-বিশেষ;	सङ्गीत ओ नृत्येर अंश–बिशेष;	rhythmic structure in instrumental music and dance;
		4. सोने आदि की लच्छेदार और चौड़ी जंजीर या सिकरी जिसका व्यवहार आभूषण की तरह पहनने के लिए होता है;	তোড়া, পায়ের অলঙ্কারবিশেষ;	तोड़ा, पायेर अलंकारबिशेष;	a chain-like ornament;
		5. टाट की वह थैली जिसमें चांदी के एक हजार रुपए आते या रखे जाते हैं।	টাকার থলি	टाकार थलि	purse, a bag of one thousand rupees.
तोतला	वि.	जो तुतलाकर बोलता हो, अस्पष्ट बोलनेवाला, तोतली जबानवाला।	তোতলা, যাহার জিব কথা কহিবার সময় আটকাইয়া যায়	तोतला, जाहार, जीब कथा कहिबार समय आटकाइया जाय	articulating imperfectly (as a child), lisping.
	पुं.	तुतलाकर बोलनेवाला व्यक्ति।	যে তোতলাইয়া কথা বলে	जे तोतलाइया कथा बले	lisper, stutterer.
तोता	पुं.	1. हरे रंग का एक प्रसिद्ध पक्षी जिसकी चोंच लाल होती है;	তোতা, টিয়া;	तोता, टिया;	parrot;
		2. बंदूक का घोड़ा।	বন্দুকের ঘোড়া	बन्दुकेर घोड़ा	matchlock (of a gun).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तोप	स्त्री.	युद्ध में गोलाबारी करने का एक प्रसिद्ध अस्त्र जो अधिकतर दो या दो से अधिक पहियों की गाड़ी पर चलता है और जिसमें आगे की ओर बंदूक की नली जैसा नल लगा होता है।	তোপ, কামান	तोप, कामान	cannon.
तोपखाना	पुं.	1. वह स्थान जहां तोपें और उनके आवश्यक उपकरण हों;	তোপখানা, কামানের ঘর;	तोपखाना, कामानेर घर;	store for cannon and artillery;
		2. कई तोपों का कोई स्वतंत्र वर्ग या समूह जो प्रायः एक साथ रहता है और एक इकाई के रूप में काम करता है।	সজ্জিত কামানশ্রেণী	सज्जित कामानश्रेनी	artillery.
तोपची	पुं.	तोप चलानेवाला, गोलंदाज।	তোপচী, যে কামান দাগে, গোলন্দাজ	तोपची, जे कामान दागे, गोलन्दाज	gunner.
तोरई (तोरी, तुरई)	स्त्री.	एक प्रकार की बेल और उसकी फली जिसकी तरकारी बनती हैं।	ঝিঙে, ঝিংগে	झिंडे, झिंगे	**cucubitaceous** plant and its vegetable.
तोरण	पुं.	1. किसी बड़ी इमारत या नगर का बाहरी फाटक, बहिर्द्वार;	তোরণ, সিংহদ্বার, ফটক, গেট;	तोरन, सिंहद्वार फटक, गेट;	arch, gateway;
		2. उक्त फाटक की साज-सज्जा;	তোরণসজ্জা;	तोरनसज्जा;	decorations of a gateway;
		3. दीवारों, खंभों आदि की सजावट के लिए लगाई जानेवाली मालाएं आदि, वंदनवार।	তোরণে যে পুষ্পমাল্যাদি সাজানোর জন্য ঝুলানো হয়	तोरने जे पुष्पमाल्यादि साजानोर जन्य झुलानो हय	strings of flowers suspended across gateways on festive occasions, festoon.
तोला	पुं.	बारह माशे की एक तोल, इस तोल का बाट।	তোলা, ওজনের পরিমাণবিশেষ, ভরি, ১৮০ গ্রেন	तोला ओजनेर परिमानबिशेष, भरि, 180 ग्रेन	an Indian unit of weight, one eightieth of a seer.
तोशक	स्त्री.	रूई आदि से भरा बिछावन, हलका गद्दा।	তোশক, তুলার পাতলা গদি	तोशक, तुलार पातला गदि	quilt.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तोष	पुं.	1. मन की वह वृत्ति जिसमें प्राप्त वस्तु सुख आदि से अधिक की लालसा न हो, लिप्सा का अभाव, संतोष;	तोष, तुष्टि, सन्तोष;	तोष, तुष्टि, सन्तोष;	satisfaction, gratification, contentment;
		2. असंतोष, कष्ट, हानि आदि का प्रतिकार हो जाने पर मन में होनेवाली तृप्ति, मानसिक शांति।	तोष, तृप्ति, मानसिक शान्ति	तोष, तृप्ति, मानसिक शान्ति	pleasure, joy, happiness.
तोहफा	पुं.	उपहार, भेंट।	उपहार, भेट	उपहार, भेट	gratuitous gift, present.
तौस	स्त्री.	1. अधिक गरमी या धूप के कारण लगनेवाली तेज प्यास जो शीघ्र शांत नहीं होती;	रोद लागिया गेले ये-प्रचन्ड पिपासा हय;	रोद लागिया गेले जे-प्रचन्ड पिपासा हय;	great thirst;
		2. ताप, ऊमस।	ताप, गुमट गरम	ताप, गुमट गरम	heat of the sun, heat.
तौक	पुं.	1. हंसुली के आकार का गले का एक आभूषण;	हाँसुलि;	हांसुलि;	a neck ring, necklace;
		2. अपराधियों, पागलों के गले में पहनाया जानेवाला लोहे का वह भारी घेरा या मंडल जिसके कारण वे इधर उधर जा या भाग नहीं सकते।	पागल वा दन्डित वाक्तिर गलाय लोहार ये भारी वेष्टनी पराइया देओया हय	पागल बा दन्डित व्यक्तिर गलाय लोहार जे भारी बेष्टनी पराइया देओया हय	collar (of iron, etc; for punishment).
तौबा (तोबा)	स्त्री.	1. भविष्य में फिर वैसा काम न करने की प्रतिज्ञा ;	भविष्यते ओ रकम काज ना करार प्रतिज्ञा;	भबिष्यते ओ रकम काज ना करार प्रतिज्ञा;	vowing never to repeat (an act);
		2. घृणित या निंद्य कर्म पुन न करने की पश्चात्ताप या शपथपूर्वक की गई प्रतिज्ञा।	तोबा, अनुतापसूचक वा पापेर प्रति घृणा-सूचक खेदोक्ति	तोबा, अनुतापसूचक बा पापेर प्रति घृना-सूचक खेदोक्ति	vowing to sin no more, repenting, penitence, repentance.
	अव्य.	उपेक्षा तथा घृणासूचक एक अव्यय;	पापकर्मेर प्रति घृणासूचक शब्द	पापकर्मेर प्रति घृनासूचक शब्द	fie, pish.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तौर	पुं.	1. ढंग, तरीका; 2. चालचलन, चालढाल।	ঢঙ, প্রকার, পদ্ধতি; চালচলন	ढंग, प्रकार, पद्धति; चालचलन	manner, mode; conduct, demeanour.
तौरतरीका	पुं.	चालढाल, चालचलन।	চালচলন	चालचलन	way of acting, manner, deportment.
तौल	स्त्री.	1. तौलने की क्रिया या भाव;	ওজন করার কাজ;	ओजन करार काज;	weighing;
		2. भार, वजन;	তৌল, ওজন;	तौल, ओजन;	weight or quantity measured by the balance;
		3. बटखरों के अलग-अलग प्रकार के मान के विचार से तौलने की नियत प्रणाली या मानक।	বাটখারা	बाटखारा	standard weight or measure of weight.
तौलना (तोलना)	स.क्रि	1. तराजू, बटखरे आदि की सहायता से किसी पदार्थ का भार ज्ञात करना;	ওজন করা;	ओजन करा;	to weigh, to balance;
		2. हाथ में लेकर या उठाकर किसी पदार्थ के भार का अनुमान करना;	কোনো জিনিস হাতে নিয়া ওজন অনুমান করা;	कोनो जिनिस हाते निया ओजन अनुमान करा;	to judge, to estimate;
		3. तुलना करके महत्व आदि का विचार करना;	তারতম্য যাচাই করা;	तारतम्य जाचाइ करा;	to compare;
		4. किसी बात की ठीक स्थिति जानने या किसी के मन की थाह लेने के लिए विचारपूर्वक अनुभव या कल्पना करना।	মনে মনে ওজন করা, ভাবিয়া দেখা, বিশেষভাবে বিবেচনা করা	मने मने ओजन करा भाबिया देखा, बिशेषभाबे बिबेचना करा	to ponder, to deliberate.
तौलाई	स्त्री.	1. तौलने की क्रिया या भाव;	ওজনের কাজ;	ओजनेर काज;	the act of weighing;
		2. तौलने का पारिश्रमिक या मजदूरी।	ওজন করানোর বা করার মজুরী	ओजन करानोर बा करार मजुरी	price paid for having (a thing) weighed.
तौलाना	स.क्रि	तौलने का काम दूसरे से कराना, तौलवाना।	ওজন করানো	ओजन करानो	to have (a thing) weighed, etc.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
तौलिया	पुं.	शरीर पोंछने का विशेष प्रकार का मोटा अगोंछा।	তোয়ালে	तोयाले	towel.
तौहीन	स्त्री.	अनादर, अपमान।	অনাদর, অপমান	अनादर, अपमान	insult, disrespect.
त्यक्त	वि.	त्यागा, छोड़ा हुआ, जिसका त्याग कर दिया गया हो।	ত্যক্ত, যাহা ত্যাগ করা হইয়াছে, বর্জিত	त्यक्त, जाहा त्याग करा हइयाछे, बर्जित	left, abandoned, forsaken, deserted.
त्याग	पुं.	1. किसी वस्तु पर से अपना स्वत्व हटा लेने या अपनेपन का भाव मिटाकर उसे छोड़ देने की क्रिया, उत्सर्ग;	ত্যাগ, বর্জন, পরিহার;	त्याग, बर्जन, परिहार;	abandonment;
		2. नाता तोड़ने की क्रिया;	সম্বন্ধ না রাখা;	सम्बन्ध ना राखा;	deserting, parting (from);
		3. सांसारिक भोगों में लिप्त न रहने की क्रिया या भाव, वैराग्य;	বৈরাগ্য;	बैराग्य;	renunciation;
		4. परहित के लिए या उच्च लक्ष्य की प्राप्ति हेतु स्वार्थ की उपेक्षा;	স্বার্থ বিসর্জন;	स्वार्थ बिसर्जन;	forsaking, sacrifice;
		5. किसी पद या स्थान से संबंध न रखना।	কোনো পদ বা স্থান ছাড়িয়া দেওয়া	कोनो पद बा स्थान छाड़िया देओया	resignation, abdication.
त्यागना	स.क्रि.	त्याग करना, छोड़ना।	ত্যাগ করা, ছাড়া	त्याग करा, छाड़ा	to abandon, to give up, to relinquish, to renounce, etc.
त्यागपत्र	पुं.	नौकरी, पद या सेवा छोड़ने के लिए कर्मचारी या अधिकारी द्वारा लिखा गया पत्र, इस्तीफा।	পদত্যাগপত্র, ইস্তফাপত্র	पदत्यागपत्र, इस्तफापत्र	letter of resignation.
त्यागी	वि.	1. सांसारिक सुखों से निर्लिप्त, विरक्त;	ত্যাগী, বিরাগী, বিষয়ভোগে বিমুখ;	त्यागी, बिरागी, बिषयभोगे बिमुख;	renouncer, recluse;
		2. उच्च उद्देश्य के लिए स्वार्थ का त्याग करने वाला।	যে ত্যাগ করে	जे त्याग करे	sacrificing, giving up, liberal.
त्याज्य	वि.	छोड़ने या त्यागने योग्य।	ত্যাজ্য, ত্যাগযোগ্য	त्याज्य, त्यागजोग्य	suitable to be abandoned.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
त्यों	अव्य.	1. उस प्रकार, उस तरह; 2. उसी समय।	ঐ প্রকার, ঐ রকম; ঐ সময়, তখন	ऐ प्रकार, ऐ रकम; ऐ समय, तखन	thus, so; then, at the same time.
त्योरी	स्त्री.	1. माथे का बल; माथे की सिलवट;	ভ্রূকুঞ্চন, ভ্রূকুটি;	भ्रूकुंचन, भ्रूकुटि;	eye-brow;
		2. किसी विशिष्ट उद्देश्य से देखने वाली दृष्टि, निगाह, तेवर।	বিষেশ উদ্দেশ্য দৃষ্টিপাত, ক্রুদ্ধ দৃষ্টি	विशेष उद्देश्य दृष्टिपात, क्रुद्ध दृष्टि	frown, angry look.
त्योहार (त्यौहार)	पुं.	1. वह दिन जिसमें कोई धार्मिक या जातीय उत्सव मनाया जाता है, पर्व;	পর্বদিন, পরব;	पर्बदिन, परब;	festival.
		2. उक्त दिवस को मनाया जाने वाला उत्सव।	পর্বদিনের উৎসব	पर्बदिनेर उत्सब	festivity.
त्योहारी	स्त्री.	छोटों या नौकरों आदि को त्योहार के उपलक्ष्य में दी जानेवाली वस्तु या धन।	পরব উপলক্ষে প্রদত্ত উপহার, বকশিস	परब उपलक्षे प्रदत्त उपहार, बकशिस	present made at a festival, festal gift.
त्रस्त	वि.	1. बहुत अधिक डरा हुआ, भयभीत; 2. पीड़ित।	ত্রস্ত, ভীত, ভয়ে, বিচলিত; উৎপীড়িত	त्रस्त, भीत, भये बिचलित; उत्पीड़ित	frightened, alarmed; harrowed, oppressed.
त्राण	पुं.	1. विपत्ति या भय के हेतु का निवारण, रक्षा, बचाव;	ত্রাণ, রক্ষা, উদ্ধার;	त्रान, रक्षा, उद्धार;	protection, defence, preservation, salvation, deliverance;
		2. आश्रय, शरण;	আশ্রয়, শরণ;	आश्रय, शरन;	shelter, help;
		3. रक्षा का साधन।	ত্রাণ, বর্ম, কবচ	त्रान, बर्म, कबच	protection for the body, guard, armour.
त्राता	वि.	रक्षा करने वाला, रक्षक।	ত্রাতা, ত্রাণকারী	त्राता, त्रानकारी	protecting, defending.
	पुं.	रक्षा करने वाला व्यक्ति या साधन।	যে-ব্যক্তি ত্রাণ করে	जे-व्यक्ति त्रान करे	protector, defender.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
त्रास	पुं.	1. भय, डर; 2. कष्ट।	त्रास, भय, शङ्का; कष्ट	त्रास, भय, शंका; कष्ट	alarm, fear, dread; affliction, pain, trouble.
त्राहि	अव्य.	बचाओ, रक्षा करो।	त्राहि, त्राण कर, रक्षा कर, बाँचाओ	त्राहि, त्रान कर, रक्षाकर, बांचाओ	save, deliver, mercy.
त्रिकाल	पुं.	1. तीनों काल—भूत, वर्तमान और भविष्य;	त्रिकाल, भूत, भविष्यत्, वर्तमान	त्रिकाल, भूत, भबिष्यत, बर्तमान	the three times or tenses—the past, present and future;
		2. तीनों समय—प्रातः, मध्याहन और सायं।	प्रातः, मध्याह्न, सायाह्न-एई तिन काल	प्रातः, मध्याहन, सायाहन-एइ तिन काल	morning, noon and evening.
त्रिकोण	पुं.	1. तीन कोणों वाली वस्तु; 2. ज्यामिति में ऐसी आकृति या क्षेत्र जिसके तीन कोण हों, त्रिभुज।	त्रिकोण; त्रिभुज	त्रिकोन; त्रिभुज	triangular object; triangle.
त्रिज्या	पुं.	वृत्त के केंद्र से परिधि तक खिची हुई सीधी रेखा जो व्यास की आधी है, व्यासार्ध।	व्यासार्ध	ब्यासार्द्ध	radius (of a circle).
त्रिभुज	पुं.	ज्यामिति में वह आकृति या क्षेत्र जिसकी तीन भुजाएं हों।	त्रिभुज, तिन सरल रेखाद्वारा वेष्टित क्षेत्र	त्रिभुज, तिन सरल रेखाद्वारा बेष्टित क्षेत्र	three-sided figure, triangle.
त्रिभुवन	पुं.	स्वर्ग, पृथ्वी और पाताल इन तीन भुवनों या लोकों का समाहार।	त्रिभुवन, स्वर्ग मर्त्त्य पाताल	त्रिभुबन, स्वर्ग मर्त्त्य पाताल	three worlds (heaven, earth and the lower region), universe.
त्रिमूर्ति	पुं.	ब्रह्मा, विष्णु और शिव—ये तीनों देवता।	त्रिमूर्ति, ब्रह्मा विष्णु शिव	त्रिमूर्ति, ब्रह्मा, बिष्नु शिब	trinity, the Hindu triad (as Brahma, Vishnu and Siva).
त्रिलोक	पुं.	स्वर्ग, मर्त्य और पाताल—ये तीनों लोक।	त्रिलोक, स्वर्ग मर्त्त्य, पाताल	त्रिलोक, स्वर्ग मर्त्य, पाताल	three worlds i.e. the sky, atmosphere and earth, or heaven, earth and the lower region.
त्रिविध	वि.	तीन प्रकार का, तीन रूपों वाला।	त्रिविध, तिन प्रकार	त्रिबिध, तिन प्रकार	of three kinds, threefold, triple.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
त्रिवेणी	स्त्री.	गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम जो प्रयाग में है।	ত্রিবেণী, গংগা যমুনা, সরস্বতীর প্রবাহত্রয়, প্রয়াগতীর্থ	त्रिबेनी, गंगा जमुना, सरस्बतीर प्रबाहत्रय, प्रयागतीर्थ	the place (now called Allahabad) where the Ganges unites with the Jamuna and is supposed to receive underground the **Saraswati.**
त्रिशूल	पुं.	1. लोहे का तीन फलों वाला एक प्रसिद्ध अस्त्र जो शिव जी का प्रधान अस्त्र है;	ত্রিশূল, ত্রিফলক যুক্ত অস্ত্র শিবাস্ত্র;	त्रिशूल, त्रिफलक जुक्त अस्त्र शिबास्त्र;	trident, a three-pointed pike or spear (esp. the weapon of **Siva**);
		2. दैहिक, दैविक और भौतिक—ये तीनों ताप या दुःख, त्रिताप।	আধ্যাত্মিক, আধিভৌতিক, আধিদৈবিক এই ত্রিবিধ দুঃখ, ত্রিতাপ	आध्यात्मिक, आधिभौतिक, आधिदैबिक एइ त्रिबिध दुःख, त्रिताप	he three afflictions (physical, spiritual and material).
त्रुटि	स्त्री.	1. भूल, चूक; 2. दोष।	ত্রুটি, ভুল, চুক; অপরাধ, কসুর, দোষ	त्रुटि, भुल, चुक; अपराध, कसुर, दोष	error, mistake; law, defect.
त्रेता	पुं.	हिंदुओं के अनुसार चार युगों में से दूसरा युग जिसकी अवधि 1296000 वर्ष है।	ত্রেতা, হিন্দু পুরাণোক্ত যুগ	त्रेता, हिन्दु पुरानोक्त जुग	the second **yug** or silver age of the Hindus (comprising 1,296,000 years).
त्रैमासिक	वि.	हर तीसरे महीने होने या निकलने वाला।	ত্রৈমাসিক	त्रैमासिक	quarterly.
त्रैलोक्य	पुं.	दे. 'त्रिलोक'।	দ্রঃ "ত্রিলোক"	द्रः "त्रिलोक"	see 'त्रिलोक'.
त्वचा	स्त्री.	1. जीव की काया का ऊपरी और प्रायः रोओं से युक्त आवरण, चर्म, चमड़ा, खाल;	ত্বক, চর্ম, চামড়া, আবরণ, ছাল;	त्वक, चर्म, चामड़ा, आबरन, छाल;	skin (of men, serpents etc.), hide (as of a cow, deer etc.);
		2. छाल।	বল্কল, ছাল, বাকল	बल्कल, छाल, बाकल	bark, rind.
त्वरित	वि.	तीव्र गतिवाला, तेज।	ত্বরিত, সত্বর, দ্রুত, ক্ষিপ্র	त्वरित, सत्बर, द्रुत, क्षिप्र	quick, swift, speedy.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
थकना	अ.क्रि	1. श्रम के कारण शिथिल होना, श्रांत होना;	थका, क्लान्त हओया, श्रान्त हओया;	थका, क्लान्त हओया, श्रान्त हओया;	to be tired, to be wearied, to be fatigued;
		2. उत्साह न रह जाना, तंग आना, हार जाना;	उत्साहबोध ना करा, विरक्त हओया;	उत्साहबोध ना करा, बिरक्त हओया;	to be fed up, to be discomfited;
		3. वृद्धावस्था के कारण शरीर में शैथिल्य का आना।	वार्ध्क्येर जन्य शरीरे शिथिलता आसा	बार्द्धक्येर जन्य शरीरे शिथिलता आसा	to be exhausted, to flag, to be enervated.
थकान	स्त्री.	1. थकने का भाव, थकावट, श्रांति;	श्रान्ति, क्लान्ति;	श्रान्ति, क्लान्ति;	weariness, fatigue, exhaustion;
		2. शैथिल्य।	शैथिल्य	शैथिल्य	lassitude.
थकाना	स.क्रि	1. श्रांत करना;	श्रान्त करा;	श्रान्त करा;	to weary, to tire, to fatigue;
		2. शिथिल बना देना।	शिथिल करिया देओया	शिथिल करिया देओया	to jade, to exhaust, to enervate.
थकामांदा	वि.	जो इतना अधिक थक गया हो कि अशक्त और अस्वस्थ-सा जान पड़ने लगे।	श्रान्तक्लान्त	श्रान्तक्लान्त	weary, tired, jaded.
थकावट	स्त्री.	दे. 'थकान'।	द्रः 'थकान'	द्रष्टव्य 'थकान'	see थकान.
थक्का	पुं.	किसी चीज़ का जमा हुआ टुकड़ा, लोंदा, पिंड।	पिन्ड, डेला जामाट थके थके वस्तु	पिन्ड, डेला जमाट थके थके बस्तु	anything congealed or conglomerated, clot, lump.
थन	पुं.	1. गाय, भैंस, बकरी आदि चौपायों का वह अंग जिसमें दूध जमा रहता है, स्तन;	पालान;	पालान;	udder;
		2. उक्त अंग का फली के समान उपांग जिसे दबाकर तथा खींचकर दूध निकाला जाता है, स्तन।	बाँट	बांट	teat.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
थनेला	पुं.	1. स्तन पर, विशेषतः स्त्रियों के स्तन पर, होने वाला एक तरह का फोड़ा;	स्त्रीलोकेर स्तनेर फोड़ा, ठुनका;	स्त्रीलोकेर स्तनेर फोड़ा, ठुनका;	inflamed breast (of a woman);
		2. एक तरह का कीड़ा जिसके गाय आदि के स्तन पर काटने से उनका दूध सूख जाता है।	एक रकमेर पोका एई पोका गरुर बाँटे कामड़ाइले दुध शुकाइया याय	एक रकमेर पोका एइ पोका गरुर बाटे कामड़ाइले दुध शुकाइया जाय	a kind of insect that bites the udder of a cow etc. resulting in the drying up of the milk.
थपकना	स.क्रि	1. प्यार या लाड़-चाव से अथवा आवेश शांत करने या उत्साहित करने के लिए किसी की पीठ पर हथेली से हलका आघात करना, थपकी देना, हथेली से धीरे ठोकना;	पिठे चापड़ानो, पिठे थावड़ानो;	पिठ चापड़ानो, पिठ थावडानो;	to pat, to soothe;
		2. हथेली से इस प्रकार हलका आघात करना कि थपथप शब्द हो, थपथपाना।	हात दिया एरूप मृदु आघात करा याहाते थप् थप् शब्द हय	हात दिया एरूप मृदु आघात करा जाहाते थप् थप् शब्द हय	to strike or pat gently with the palm.
थप्की	स्त्री.	थपकने की क्रिया या भाव, हथेली का हलका आघात।	हात दिया मृदु आघात, चापड़ानो, मृदु करघात	हात दिया मृदु आघात चापड़ानो, मृदु करघात	pat (on the body).
थपड़ी	स्त्री.	ताली, करतल ध्वनि।	तालि, करातालि	तालि, करतालि	clapping of hands.
थपथपी	स्त्री.	दे. 'थपकी'।	द्रष्टव्य "थपकी"	द्रष्टव्य "थपकी"	see 'थपकी'
थपेड़ना	स.क्रि	थपेड़ा लगाना, थप्पड़ या चपत लगाना।	थाप्पर मारा, चड़ानो	थाप्पड़ मारा, चड़ानो	to slap, to strike a blow.
थपेड़ा	पुं.	1. वेग से टकराने या लगने का ऐसा आघात जिससे थपथप शब्द हो, घातप्रतिघात, धक्का;	आघात, धाक्का;	आघात, धाक्का;	dashing of waves, beating of wind;
		2. चपत, थप्पड़।	चपेट, चापड़ थाप्पर	चपेट, चापड़, थाप्पर	blow, stroke, buffect.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
थप्पड़	पुं.	गाल पर हाथ के पंजे से किया जाने वाला आघात, तमाचा, झापड़।	थाप्पड़, थापड़, थावड़, चापड़	थाप्पड़, थापड़, थावड़, चापड़	slap, spank, clap.
थमना	अ.क्रि	1. रुकना, गतिहीन होना;	थामा, गति, संवरण करा, निश्चल हउया;	थामा, गति संबरन करा, निश्चल हओया	to stop, to come to a standstill;
		2. किसी आधार पर ठहरना;	स्थिर हउया;	स्थिर हओया;	to be supported by to rest (on);
		3. सब्र करना, धीरज धरना।	सबुर करा, धैर्य धरा	सबुर करा, धैर्ज धरा	to wait, to be patient.
थमाना	स.क्रि	1. संभालना, पकड़ाना:	सामलानो, धरा;	सामलानो, धरा;	to cause or to get (one) to hold (a thing), to put (a thing) into one's hands, to entrust;
		2. टिकाना।	थामानो	थामानो	to recline.
थरथर	क्रि. वि. स्त्री.	भय आदि के कारण कांपते हुए, थरथराहट के साथ। कांपने की मुद्रा, थरथराहट।	थरथर, कम्पित भावे द्रुत कम्पनेर सहित, थरथर करिया थरथरानि, काँपुनि	थरथर, कम्पित भाबे, द्रुत कम्पनेर सहित, थरथर करिया थरथरानि, कांपुनि	tremblingly, quiveringly, shiveringly. shake, shiver, tremour etc.
थरथराना	अ.क्रि	कांपना।	काँपा, कम्पित हउया	कांपा, कम्पित हओया	to vibrate.
थरथराहट	स्त्री.	कंपकपी।	काँपुनि, थरथरानि	कांपुनि, थरथरानि	vibration, quivering, trembling.
थरथरी	स्त्री.	दे. 'थरथराहट'।	द्रः "थरथराहट"	द्रष्टव्य "थरथराहट"	see 'थरथराहट'.
थर्मामीटर	पुं.	शीशे की नली में थोड़ा पारा भर कर बनाया जाने वाला गर्मी नापने का एक यंत्र जिसमें पारे के चढ़ाव या उतार के अनुसार ताप की मात्रा जानी जाती है, तापमापी।	थारमोमिटार, तापमानयन्त्र	थारमोमिटार, तापमानजन्त्र	thermometer.
थर्राना	अ.क्रि	1. भय आदि के कारण थरथर कांपना·	थर थर करिया काँपा;	थर थर करिया कांपा;	to tremble, to shudder;
		2. हिलना, कंपायमान होना, थरथराना।	कम्पित हउया	कम्पित हओया	to vibrate, to quiver.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
थल	पुं.	1. जलरहित भूमि, स्थल;	থল, স্থল, ভূমি, তট;	थल, स्थल, भूमि, तट;	firm or dry ground, land (as opp. to water);
		2. जगह, स्थान;	স্থান;	स्थान;	place, spot, site;
		3. फोड़े का घेरा, थाला।	ফোড়ার চার-ধারের ফোলা অংশ	फोड़ार चार-धारेर फोला अंश	swollen portion of a boil.
थलचर	पुं.	पृथ्वी पर रहने वाले जीव।	স্থলচর	स्थलचर	terrestrial (animal).
थलथल	वि.	मोटाई या झोल के कारण हिलता हुआ।	থলথলে	थलथले	loose, flabby, flaccid.
थवई	पुं.	मकान बनाने विशेषत: जोड़ाई करने वाले कारीगर, राजगीर।	রাজমিস্ত্রি	राजमिस्त्रि	mason, bricklayer.
था	अ.क्रि.	'होना' क्रिया या वर्तमान कालिक 'है' का भूतकालिक रूप, रहा।	'হোনা' ক্রিয়ার অতীত কালের রূপ, ছিল	'होना' क्रियार अतीत कालेर रूप छिल	past tense of verb-'be', was.
थाती	स्त्री.	1. धरोहर, अमानत;	থাতি, রক্ষিত দ্রব্য;	थाति, रक्षित द्रब्य;	anything given in charge, charge, trust;
		2. संचित धन, पूंजी।	সঞ্চিত ধন	संचित धन	accumulated wealth, riches.
थान	पुं.	1. बांधी हुई लंबाई का कपड़े का बड़ा टुकड़ा;	এক তানায় বোনা অখন্ডিত বস্ত্র;	एक तानाय बोना अखन्डित बस्त्र;	piece of cloth (supplied by mills in standard size);
		2. पशुओं के बांधे जाने की जगह।	গরু মহিষাদি বাঁধার জায়গা	गरु महिषादि बांधार जायगा	place, stall (of animals).
थाना	पुं.	1. पुलिस-चौकी, पुलिस कार्यालय;	থানা, পুলিশের চৌকী বা আড্ডা;	थाना, पुलिशेर चौकी बा आड्डा;	police station;
		2. बांस की कांठी।	বাঁশের ঢের	बांशेर ढेर	heap or stack of bamboos.
थानेदार	पुं.	पुलिस-चौकी का प्रधान अधिकारी, दारोगा।	থানাদার, দারোগা	थानादार, दारोगा	officer in charge of police station, police sub-inspector.
थानेदारी	स्त्री.	थानेदार का कार्य या पद।	থানাদারের বা দারোগার কাজ বা পদ	थानादारेर बा दारोगार काज बा पद	the office or functions of a **thanedar.**

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
थाप	स्त्री.	1. थप की ध्वनि के साथ साथ तबले आदि पर किया गया हथेली का आघात;	চাটি;	चाटि;	pat, tap, a kind of stroke on a percussion instrument;
		2. एक चीज पर दूसरी चीज के भरपूर बैठने के कारण बनने वाला चिह्न।	ছাপ, দাগ	छाप, दाग	print, mark.
थापना	स.क्रि	1. कोई चीज कहीं बैठाना, लगाना या स्थित करना;	থাপ, স্থাপন করা;	थाप, स्थापन करा;	to install;
		2. हाथ के पंजे की मुद्रा अंकित करना या छापना, थाप लगाना;	হাতের ছাপ লাগানো;	हातेर छाप लागानो;	to pat one's paw (on anything);
		3. गोबर के उपले बनाना।	ঘুঁটে দেওয়া	घुंटे देओया	to pat (cow dung) into cakes, to patch or plaster (a wall with cakes of cow-dung).
थापा	पुं.	1. गीली हल्दी, मेंहदी आदि से बनाया हुआ हाथ के पंजे का चिह्न या छापा;	হলুদ বা মেহেদীমাখা করতলের ছাপ;	हलुद बा मेहेदीमाखा करतलेर छाप;	impression or markmadewith the palm of the hand;
		2. चिह्न आदि अंकित करने का ठप्पा, छापा;	দাগ দেওয়ার যন্ত্র;	दाग देओयार जन्त्र;	marking machine;
		3. सांचा।	ছাঁচ	छांच	die.
थापी	स्त्री.	1. छत पीटने की चिपटी मुँगरी;	ছাত পিটানোর ছোট মুগুর;	छात पिटानोर छोट मुगुर;	wooden bat used by masons for patting or beating smooth clay, etc., mallet, tamper;
		2. कच्चा घड़ा पीटने का कुम्हारों का चौड़े सिरे का लकड़ी या मिट्टी का एक औजार;	কুম্ভকারের দন্ড;	कुम्भकारेर दन्ड;	instrument with which potters beat their clay;
		3. आशीर्वाद आदि देने के लिए धीरे-धीरे किसी की पीठ ठोंकने या थपथपाने की क्रिया।	পিট চাপড়ানো	पिट चापड़ानो	act of patting gently on the back.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
थामना	स.क्रि	1. हाथ में लेना, पकड़ना;	হাতে নেওয়া;	हाते नेओया;	to hold, to grasp;
		2. वेगपूर्वक आती, गिरती या आगे बढ़ती हुई चीज़ को हाथ से या अन्य प्रकार से रोकना;	থামানো, হাত দিয়া আটকানো;	थामानो, हात दिया आटकानो;	to clutch, to seize, to catch;
		3. गिरने से बचाना, संभालना।	সামলানো, পতন নিবারণ	सामलानो, पतन निबारन	to prop, to support.
थाल	पुं.	धातु का चौडा छिछला तथा गोल बरतन, बडी थाली।	বড় থালা	बड़ थाला	large round flat plate or dish of metal.
थाला	पुं.	पेड़, पौधे आदि के चारों ओर का वह गोल गड्ढा जिसमें पानी भरा जाता है, आलबाल।	আলবাল	आलबाल	basin or trench dug round the root of a tree for holding water.
थाली	स्त्री.	धातु का बना हुआ गोलाकार छिछला बरतन जिसमें भोजन करते हैं।	থালি, ছোট থালা	थाली, छोट थाला	small Indian metal platter.
थाह	स्त्री.	1. किसी चीज की ऐसी अधिकता, गहराई, ज्ञान, महत्व आदि की सीमा जिसका पता लगाने के लिए प्रयत्न करना पड़े;	থা, অন্ত;	था, अन्त;	depth;
		2. जलाशय में पानी के नीचे की जमीन या तल।	থই, জলের গভীরতার অন্ত	थइ, जलेर गभीरतार अन्त	bottom.
थिरक	स्त्री.	थिरकने की क्रिया, अवस्था, ढंग या भाव, नृत्य या स्थिति विशेष में चंचलता के साथ पैरों का उठना, गिरना तथा हिलना।	নৃত্যে চঞ্চল পদক্ষেপ	नृत्ये, चंचल पदक्षेप	rhythmic movement of body, nimble footwork (in dancing).
थिरकना	अ.क्रि	1. चंचलता के साथ पैरों को उठाते, गिराते या हिलाते हुए नाचना;	দ্রুত পদক্ষেপ চঞ্চল নৃত্য করা;	द्रुत पदक्षेप चंचल नृत्य करा;	to dance nimbly;
		2. नाचने में अंग को हावभाव के साथ संचालित करना;	ভাবপ্রকাশক অংগভংগি সহ নৃত্য করা;	भावप्रकाशक अंगभंगि सह नृत्य करा;	to move or dance with expressive action and gesture;
		3. आगे-पीछे डोलना।	সামনে এবং ডোলন করা	सामने एबं डोलन करा	to strut, to stalk.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
थिरना	अ.क्रि	1. पानी आदि द्रव पदार्थों का हिलना रुक जाना, शांत और स्थिर होना;	स्थिर हउया, प्रवाहहीन हउया;	स्थिर हओया, प्रबाहहीन हओया;	to be still, dead (as water or other liquid);
		2. पानी आदि द्रव्य पदार्थों में मिली मिट्टी आदि का नीचे बैठना;	निर्मल जलेर सहित मिश्रित मलिन अंशेर तलदेशे जमा हउया;	निर्मल जलेर सहित मिश्रित मलिन अंशेर तलदेशे जमा हओया;	to settle down or to subside (the sediment of water, liquid etc);
		3. मैल आदि के नीचे जमने से पानी आदि का निर्मल होना।	मलिन अंश तलदेशे जमा हउयार पर जलादि निर्मल हउया	मलिन अंश तलदेशे जमा हओयार पर जलादि निर्मल हओया	to be filtered clean (as a result of the setting down of sediments).
थिराना	स.क्रि	1. क्षुब्धजल या द्रव्य पदार्थों का हिलना बंद करना, स्थिर होने देना;	स्थिर हइते देउया;	स्थिर हइते देओया;	to settle (as liquid);
		2. गंदे पानी आदि की मैल छंटकर निर्मल होने देना।	घोला जल ईत्यादि थिताइते देउया	घोला जल इत्यादि थिताइते देओया	to clean or filter dirty water.
थूक	पुं.	वह गाढ़ा लसीला सफेद पदार्थ जो मुंह से प्रयत्नपूर्वक निकाल कर बाहर गिराया या फेंका जाता है।	थुक, थुथु, छेप	थुक, थुथु, छेप	spittle, saliva.
थूकना	अ.क्रि	1. मुंह से थूक बाहर निकालना या फेंकना;	थुथु फेला;	थुथु फेला;	to spit;
		2. धिक्कारना, छि: छि: करना।	थुक देउया, धिक्कार देउया, घृणा करा,	थुक देओया, धिक्कार देओया, घृना करा,	to treat with utter contempt.
	स.क्रि	1. उगलना;	उगरानो;	उगरानो;	to vomit, to expel (from mouth);
		2. घृणा प्रकट करना, निंदा करना।	घृणा प्रकाश करा, निन्दा करा	घृना प्रकाश करा, निन्दा करा	to vilify, to abuse.
थूथन	पुं.	कुछ विशिष्ट प्रकार के पशुओं का लंबोतरा और कुछ आगे की ओर निकला हुआ मुंह।	थुँथि थुतनि	थुँथि, थुतनि	the mouth or snout (of an animal, as a horse, camel or hog, etc.).
थूथनी	स्त्री.	छोटा थूथन।	थुँतनी, लम्बा मुखेर अग्रभाग	थुंतनी, लम्बा मुखेर अग्रभाग	snout of an animal, muzzle.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	बंगला पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
थू-थू	स्त्री.	निंदा, बेइज्जती, धिक्कार।	থুথু, নিন্দা, অসম্মান, ধিক্কার	थुथु, निन्दा, असम्मान, धिक्कार	the sound made in spitting or an imitation of that sound (expression of disgust, scorn, etc.);
	अव्य.	घृणा और धिक्कार सूचक शब्द।	থুথু, ঘৃণাসূচক শব্দ	थु थु, घृनासूचक शब्द	fie! out! tush! tut!
थूनी(थून)	स्त्री.	लकड़ी आदि का खड़ा गड़ा हुआ बल्ला, खंभा जो भारी चीज या बोझ को रोकने के लिए उसके नीचे लगाया जाता है।	খুঁটি, ঠেকনা	खुंटि, ठेकना	prop, post, pillar.
